


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 99 | ग्वालियर बुधवार, 18 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### गणतंत्र दिवस पर खतरे में दिल्ली! ड्रॉप डेड मेथड से पाक ने भेजे हथियार



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर बनी हुई है. पुलिस ने बीते दिनों जहांगीरपुरी इलाके से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जिसके बाद अब चार अन्य की तलाश कर रही है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सूत्रों के अनुसार संदिग्धों ने ड्रॉप-डेड मेथड के जरिए पाकिस्तान से हथियार हासिल किए थे. वहीं, पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से उन्होंने सोशल मीडिया ऐप के जरिए संपर्क साधा था. दिल्ली पुलिस को चार और संदिग्धों के होने की आशंका है जिसको लेकर उनकी तलाश में टीमें जुटी है. सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में बैठे इन संदिग्धों के आकाओं ने ड्राप डेड मेथड का इस्तेमाल कर हथियार पहुंचाए. साथ ही सिग्नल ऐप पर निर्देश दिए ओर गूगल मैप के जरिए हथियार से भरे बैग की लोकेशन भेजी जहां से आरोपियों ने हथियार उठाए. सूत्रों के मुताबिक आतंकियों के इस नेटवर्क में करीब 8 लोग शामिल थे. जिनमें से 4 अभी भी भारत में ही मौजूद हैं. सूत्रों के मुताबिक बरामद हथियार आतंकियों को उत्तराखंड की एक अनजान लोकेशन पर मिले थे जिसे अभी वेरिफाइ किया जा रहा है.

### बडगाम में एसएसपी ऑफिस के पास एनकाउंटर सुरक्षाबलों ने ढेर किए दो आतंकवादी



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के बडगाम में मंगलवार (17 जनवरी) को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ. एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया. जानकारी के मुताबिक, यह एनकाउंटर बडगाम एसएसपी ऑफिस के पास हुआ. यहां सुरक्षाबलों को दो आतंकियों के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया. सुरक्षाबलों ने पहले दोनों आतंकियों को घेरा और उसके बाद ऑपरेशन शुरू किया. दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया है. सेना के एक अधिकारी ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने बडगाम में मोबाइल वाहन जांच चौकी स्थापित की. अधिकारी ने कहा, एक कैब को जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया, लेकिन अंदर मौजूद आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दीं, जिसका तुरंत जवाब दिया गया.

**आतंकियों की पहचान**-एनकाउंटर की जानकारी देते हुए कश्मीर के एडीजीपी ने कहा, ÷मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान पुलवामा के अरबाज मीर और शाहिद शेख के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े थे. दोनों आतंकवादी पहले हाल ही में हुई मुठभेड़ से बच गए थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, बडगाम जिले के रेडबुग मागाम इलाके में आतंकियों की सूचना मिली थी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया. यहां सुरक्षाबलों ने कई बार आतंकियों को सरेंडर करने का मौका दिया, लेकिन वे नहीं माने और लगातार फायरिंग कर रहे. इसके बाद, दोनों ओर से फायरिंग शुरू हुई है और कुछ देर बात आतंकियों ने फायरिंग रोक दी. इस दौरान पता चला कि आतंकी भाग निकले हैं.

### मुश्किल में फंसी ऐश्वर्या राय बच्चन, बकाया टैक्स न भरने के लिए भेजा गया नोटिस



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं. अपनी कमाल की एक्टिंग और खूबसूरती के लिए ऐश्वर्या राय का नाम आए दिन लाइमलाइट का हिस्सा बनता रहता है. लेकिन फिलहाल ऐश्वर्या राय का नाम बकाया टैक्स को लेकर सुर्खियों में आ गया है. खबर है कि ऐश्वर्या राय की जमीन पर बाकी टैक्स को मद्देनजर रखते हुए नासिक के तसलीदार ने एक्ट्रेस के खिलाफ नोटिस भेजा है.

**बकाया टैक्स मामले को लेकर ऐश्वर्या राय फंसी मुसीबत में**-मिली जानकारी के मुताबिक बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को सिन्नर (नासिक) तहसीलदार के तरफ से नोटिस भेजा गया है. दरअसल नासिक के सिन्नर के अड्वाड़ी इलाके में ऐश्वर्या राय बच्चन की पवन चक्की के लिए जमीन है. इसी जमीन का एक साल का 21,960 रुपया टैक्स के रूप में बकाया है, जिसको मद्देनजर रखते हुए सूबे के तहसीलदार की ओर से ऐश्वर्या राय के खिलाफ ये नोटिस भेजा गया है. जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि आडवाडी के पहाड़ी क्षेत्र में ऐश्वर्या राय के पास करीब 1 हेक्टेयर जमीन है. ऐसे में 12 महीने से बकाया टैक्स को लेकर एक्ट्रेस की ओर से कोई भी जवाब नहीं आया है. जिसके चलते अब राजस्व विभाग को ये सख्त रुख अपनाना पड़ा है. राजस्व विभाग के जरिए मार्च महीने के अंत तक बकाया कर वसूलने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नोटिस ऐश्वर्या को दिया गया है.

# भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे राहुल गांधी, सुरक्षा घेरा तोड़कर आया शख्स और लगा लिया गले

**नई दिल्ली।** पंजाब के होशियारपुर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस सासंद राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है. यात्रा दसूहा से होकर गुजर रही थी कि इसी दौरान एक शख्स सुरक्षा घेरा तोड़कर राहुल गांधी के नजदीक पहुंचा और गला लगाने का प्रयास किया. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है. वीडियों में दिख रहा है कि सुरक्षा घेरे राहुल गांधी चल रहे हैं कि इसी बीच एक शख्स भागता हुआ उनके पास आ जाता और उन्हें गले लगाने की कोशिश करता है. इसी बीच सुरक्षाकर्मी उसे पकड़ कर दूर कर देते हैं. वीडियो में पहले राहुल उस शख्स को हटाते हैं फिर



सुरक्षाकर्मी उसे हटा देते हैं. राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर एजेंसियों ने भी अलर्ट जारी किया है. सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल की सुरक्षा में बड़ी चूक होने की आशंका है. ऐसे में एजेंसी ने राहुल को कश्मीर में कुछ जगहों पर पैदल ना चलने की सलाह दी है. बता दें, इससे पहले कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर कर चुकी है. पार्टी की ओर से राहुल की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्रालय को दो बार चिट्ठी भी लिखी गई है. जिस पर पार्टी को ये जवाब मिला कि राहुल ने खुद कई मौकों पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया है.

## असम के डीजीपी बोले- मदरसों के खिलाफ मुस्लिम नेता ही कर रहे शिकायत

**नई दिल्ली।** असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ज्योति महंत ने सोमवार (16 जनवरी) को कहा कि राज्य सरकार ने 'कट्टरपंथ' के खतरे को कम करने के लिए छोटे मदरसों को बड़े मदरसों में शामिल करने का फैसला किया है. उन्होंने बताया कि राज्य के ऐसे सभी शिक्षण संस्थानों का डेटाबेस तैयार करने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है. महंत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि असम में मुसलमानों की अच्छी-खासी आबादी है और यह 'कट्टरपंथ को बढ़ावा देने' के लिए 'स्वाभाविक लक्ष्य' है. उन्होंने कहा कि कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां आमतौर पर छोटे मदरसों में की जाती हैं. महंत ने कहा कि राज्य पुलिस ने आतंकवादी संगठन-अंसारुल बांग्ला टीम और अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट के नौ मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और पिछले साल 53 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था. महंत ने कहा कि मुस्लिम नेताओं ने ही इन गतिविधियों की जांच के लिए अधिकारियों से संपर्क किया था और समुदाय के 68 नेताओं के साथ बैठक में मदरसों में शैक्षिक सुधार लाने पर सहमति बनी थी. असम से जुड़ी एक और खबर सामने आई है. विश्व हिंदू परिषद ने दावा किया है कि हाल ही में असम के करीमगंज जिले में बजरंग दल के 16 वर्षीय कार्यकर्ता की हत्या जिहादियों ने की थी. शंभु कोइरी की सात जनवरी



को करीमगंज शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर बाजारीचेरा पुलिस थाने के लोयरपुआ इलाके में हत्या कर दी गई थी. कोइरी पड़ोसी हैलाकांडी जिले में बजरंग दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के बाद करीमगंज लौट रहा था. विश्व हिंदू परिषद ने एक बयान में दावा किया कि हत्या को जिहादियों ने अंजाम दिया और मामले में कार्रवाई की मांग की. उसने कहा, यह कोई इकलौती घटना नहीं है. पिछले दो वर्षों में बजरंग दल के नौ कार्यकर्ता मारे गए हैं और जिहादियों ने 32 पर हमला किया है. दक्षिणपंथी हिंदू संगठन ने यह भी कहा कि वह 17 और 18 जनवरी को विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगा. बयान में कहा गया है, ÷इसलिए, 17 और 18 जनवरी, 2023 को बजरंग दल देशभर के जिला केंद्रों पर विरोध प्रदर्शन करेगा और जिलाधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपेगा.÷

## शादी की उम्र बढ़ाई और शराब की ओवैसी का केंद्र पर तीखा अटैक



**नई दिल्ली।** चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने शराब से होने वाली मौत का हवाला देते हुए युवाओं को राजनीति में शामिल करने की बात कही है. इतना ही नहीं, उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी शादी की उम्र 21 साल करना चाहती है लेकिन शराब के लिए न्यूनतम उम्र घटाना चाहती है. शराब एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है. यह केवल सरकार के टैक्स रेवेन्यू तक सीमित नहीं है. ओवैसी ने ट्वीट कर कहा कि शराब से होने वाली मौतों के कारण जीडीपी को भी 1.5 फीसदी का नुकसान हो रहा है. ऐसे में युवाओं को राजनीति में लाना जरूरी है. उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र को 25 से घटाकर 20 करने की मांग की. यह पहली बार नहीं है जब ओवैसी ने चुनाव लड़ने के लिए उम्र का मुद्दा उठाया हो. उन्होंने अगस्त में मानसून सत्र के दौरान एक प्राइवेट बिल पेश किया था. इस बिल में इलेक्शन लड़ने की उम्र को कम करने की मांग की गई थी. ओवैसी ने अपने बिल में कहा था कि सांसद बनने की उम्र 25 साल से घटाकर 20 साल करनी चाहिए. एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारत में शराब के अत्यधिक सेवन से होने वाली मौतों की वजह से हर साल देश की जीडीपी में 1.45 प्रतिशत की कमी देखने को मिल सकती है. यह बात तीन डॉक्टरों और दो पब्लिक रिसर्चर की तरफ से की गई एक स्टडी में सामने आई थी. इसमें शराब से होने वाली बीमारियों और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया है. इन बीमारियों में लीवर की बीमारी, कैंसर और सड़क दुर्घटना के आंकड़ों को समझाया गया है.






## सरकार बेरोजगार युवाओं को शस्त्र लाइसेंस दे सुरेंद्र सिंह तोमर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा



### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने रामकुमार सिकरवार भोपाल में हुआ भव्य स्वागत



भोपाल। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का अमृत महोत्सव एवं प्रांतीय सम्मेलन निर्वाचन रविवार मानस भवन भोपाल में संपन्न हुआ जिसमें में राष्ठीय अध्यक्ष डॉ शिवराम सिंह गौर एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में मध्य प्रदेश के 52 जिले के पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से नव निर्वाचित दिनांक 15/1/23 को मानस भवन भोपाल मे आदरणीय राष्ठीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री शिवराम सिंह गौर जी की अतुल्य सेवाओं को याद करते हुए अमृत महोत्सव राष्ठीय कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय श्री सुरेंद्र सिंह तोमर ने आदरणीय श्री शिवराम सिंह गौर का जीवन परिचय देते हुए मनाया गया एवम प्रांतीय अधिवेशन सम्पन हुआ जिसमे वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पर श्री रामकुमार सिंह सिकरवार जी नियुक्ति हुई महिला प्रदेश पर आदरणीय श्रीमती प्रियंका राणा जी की नियुक्ति हुयी एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष पर आदरणीय श्री डॉ सतेंद्र राजपूत जी की नियुक्ति हुयी सभी को बधाई शुभकामनायें कार्यक्रम सफलता। इस अवसर पर राष्ठीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जब युवाओं के रोजगार की बात करती है तो युवाओं को बंदूक का लाइसेंस दे देना चाहिए जिससे वह सिक्योरिटी कंपनी में जाकर अपना जीवन यापन कर सकें यह सबसे सरल और साधारण तरीका है जिससे सरकार को फायदा होगा इसी तर्ज पर रेत के ठेकों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ना देते हुए युवा रोजगार से जोड़ा जाए नियम बद तरीके से रेत के काम में अवैध तरीके से लेफ्ट बड़े-बड़े व्यापारियों को ना देते हुए छोटे छोटे कछुए स्तर पर रेत का कार्य दिया जाए जिससे कोई रॉयल्टी काटेगा कोई रेत लेकर जाएगा अनेकों बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा इधर ह्यष्-ह्यह्ल के मामले में श्री तोमर ने कहा कि हम ह्यष्-ह्यह्ल कानून खत्म करने की बात नहीं करते हमारा कहना यह है कि किसी भी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई होने से पहले उच्च स्तरीय जांच हो सत्य पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो इधर जब उनसे बात की गई कि आप आरक्षण का विरोध करते हैं श्री तोमर ने बताया कि हम आरक्षण रुपी दीमक को हटाने की बात नहीं करते हैं हमारा कहना है कि आरक्षण जातिगत आधार पर ना होते हुए आर्थिक आधार पर हो आरक्षण पहले उस गरीब अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति को मिले जिस का हक है गरीबी जाति देख कर नहीं आती गरीब हर समाज और जाति में हैं यही हमारी प्रमुख मांग है प्रदेश के समस्त जिलों से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित होने वालों में छोटे सिंह भदौरिया अजीत सिंह तोमर गुड्डू पटेल तोमर गोहद अशोक सिंह तोमर छोटू गोहद लोकेंद्र सिंह तोमर एडवोकेट ग्वालियर पिंटू तोमर मोनू सिकरवार गुडडू भदौरिया देवव्रत सिंह तोमर रविन्द्र सिंह पवैया मनोज सिंह तोमर सतेंद्र सिंह भदौरिया सुखवीर तोमर इत्यादि भारी संख्या में क्षत्रिय महासभा के लोग सम्मिलित हुए हैं।

# यातायात सप्ताह के समापन पर यातायात प्रभारी ने निकाली शहर में हेलमेट रैली





**अनिल कुशवाहा प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** आज यातायात सप्ताह के समापन अवसर पर हेलमेट रैली का आयोजन किया गया जिसे पुलिस कंट्रोल रूम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिंह चंदेल सर द्वारा हरी झंडी दी गई। हेलमेट रैली शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई माधव चौक पहुंची। रैली में पुलिस,जेसीआई डायनेमिक की टीम एवं एनएसएस के कैडेट शामिल थे। माधव चौक पर समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजू बाथम जी जिला अध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री विपुल जेमिनी जी एवं श्री के पी परमार जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एनएसएस के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम रखा गया जिसके माध्यम से उन्होंने आम जनता को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उन दो परिवारों को भी बुलाया गया था जिन्होंने अपने-अपने परिवार के मुखिया को सड़क दुर्घटना में खो दिया है। श्री रोहित शर्मा ह्य/श सुरेश शर्मा(मृतक) एवं श्रीमती संजय शर्मा 2/श श्री कपिल शर्मा (मृतक)। सुरेश शर्मा एवं कपिल शर्मा की मौत सड़क दुर्घटना में हुई थी। सुरेश शर्मा एवं कपिल शर्मा दोनों ही बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे थे । दोनों की मौत घटनास्थल पर ही सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हो गई थी। आज कार्यक्रम में श्री रोहित शर्मा एवं श्रीमती संजय शर्मा द्वारा शिवपुरी शहर वासियों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि हमने अपने घर के मुखिया को सड़क दुर्घटना में खो दिया है कृपया कर आप हेलमेट लगाकर ही चलें और अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा करें। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा दोनों को दो-दो हेलमेट वितरण किए और कहा कि मोटरसाइकिल पर जो चला रहा है एवं जो बैठा है दोनों ही हेलमेट धारण करें। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा जेसीआई डायनेमिक एवं एनसीसी के बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान टीआई कोतवाली श्री अमित भदौरिया, देहात टीआई श्री विकास यादव,यातायात प्रभारी श्री रणवीर सिंह यादव, निर्भया प्रभारी श्रीमती गायत्री इटोरिया,महिला थाना प्रभारी श्रीमती कोमल परिहार, सूबेदार नीतू,अवस्थी सूबेदार प्रियंका घोष, एसआई शिखा एवं यातायात का समस्त बल उपस्थित था।

## जिले को कोवीशील्ड वैक्सीन के 10 हजार डोज प्राप्त हुए

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



**शिवपुरी।** केन्द्र एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार कोविड वैक्सीन अभियान का आयोजन जिले में किया गया। अभी पुनः जिले को कोवीशील्ड वैक्सीन के 10 हजार डोज प्राप्त हुए हैं। सभी कोविड महामारी का दौर देख चुके हैं। इसलिए आमजन से अपील की जाती है कि छूटा हुआ वैक्सीन का द्वितीय डोज-प्रिकोशन डोज जरूर लगवाए। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को जिले को कोवीशील्ड वैक्सीन के 10 हजार डोज प्राप्त हुए है। जिसमें विकासखण्ड बदरवास को 1500 डोज, करैरा को 800, खनियांधाना को 1500, कोलारस को 1500, नरवर को 700, पिछोर को 1500, पोहरी को 1500, सतनवाड़ा को 500 एवं शहरी क्षेत्र शिवपुरी को 500 डोज शामिल हैं।

## जेपी नड्डा बने रहेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जून 2024 तक बढ़ाया गया कार्यकाल, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने दी बधाई शुभकामनाए



**छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जेपी नड्डा के लिए राष्ट्रीय कार्यकारणी ने आज प्रस्ताव किया है। राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव को रखा है। सभी भाजपा के सदस्यों ने इसे स्वीकार किया है। जेपी नड्डा को जून 2024 तक के लिए भाजपा के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश महिला मोर्चा ने दी बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं।



## अमलीपदर गुरजीभाटा में विश्व शांति आतरुद्र शिव महायज्ञ का बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है आयोजन





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत नवीन तहसील कोर्ट अमलीपदर के गुरजीभाटा में श्री उमेशानंद गिरि जी के तत्वाधान में विश्व शांति आतरुद्र शिव महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दूर दूर भक्तो का बड़ी संख्या आवागमन हो रहा है। संध्या आरती के बाद राम मानस मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी रखा गया है जिसमें भक्त बृंद बड़ी संख्या उपस्थिति होकर भजन कीर्तन का रसपान करते नजर आ रहे हैं एवं दूर दूर से नागा साधु संतों का भी आगमन हुआ है जिनके दर्शन के लिए भक्तो का तांता लगा हुआ है साथ ही साथ मीना बजार भी लगा जिसमें कई प्रकार के खेल लगा हुआ है जैसे आकाश झूला, डिस्को झूला, रेल गाड़ी, एवं छोटे छोटे बच्चो के खिलौने आदि लगे हुए हैं। जिससे लोगों में भारी उत्साह दिखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम के संचालक श्री उमेशानंद गिरी जी, सरंक्षक पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी, अध्यक्ष श्री राम रतन मांझी, सह सरंक्षक श्री श्रवण सतपति, उपाध्यक्ष श्री सेवन पूजारी, श्री वेदराम राम पुजारी, गुरुनारायण तिवारी, पुनीत राम सिन्हा, एवं गांव समस्त ग्रामवासी कि सहयोग इस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## धान खरीदी का सारा पैसा केंद्र का, मुफ्त का चंदन घिस रही है कांग्रेसः अरुण साव

### कांग्रेस का धान खरीदी में क्रेडिट लेना ऐसा ही जैसा बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना:अरुण साव, धान खरीदी की 90 प्रतिशत राशि केंद्र की मोदी सरकार दे रही है तो राज्य की कांग्रेस सरकार किस बात का क्रेडिट ले रही हैः भाजपा



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कांग्रेस द्वारा धान खरीदी का जश्न मनाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जश्न मनाने का अवसर देने के लिए कांग्रेस मोदी सरकार को धन्यवाद दे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसान हितैषी नीति के कारण छत्तीसगढ़ के किसानों की धान का सारा चावल केंद्र सरकार खरीद रही है और सम्पूर्ण व्यय का भुगतान कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस धान खरीदी का जितना चाहे, जश्न मनाए लेकिन केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने की नैतिक जिम्मेदारी को दरकिनार कर वह श्रेय की राजनीति कर रही है तो हर किसान को मालूम है कि भूपेश बघेल मुफ्त का चंदन घिस रहे हैं और केंद्र सरकार ही किसानों को उनका हक दे रही है। राज्य सरकार धान की खरीदी एक एजेंसी के रूप में कर रही है। 92 लाख मीट्रिक टन धान से बना हुआ चावल केंद्र सरकार खरीदेगी जिसमें समर्थन मूल्य, ट्रांसपोर्टेशन, बारदाना, कमीशन सूखत यह सब मिलाकर लगभग 22 हजार करोड़ रुपए का भुगतान केंद्र सरकार करेगी जबकि कुछ करोड़ रुपए का भुगतान राज्य सरकार करेगी। ऐसे में राज्य की कांग्रेस सरकार को जनता को यह बताना चाहिए कि धान खरीदी में लगने वाली राशि का 90 फ़ीसदी हिस्सा केंद्र दे रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कृतघ्न कांग्रेस के स्वभाव और आचरण में पारदर्शिता है ही नहीं। यदि ऐसा लेशमात्र भी होता तो भूपेश बघेल सरकार और कांग्रेस स्पष्ट रूप से जनता को बताती कि मोदी सरकार किसानों से खरीदी जा रही धान की 90 प्रतिशत राशि दे रही है यानी एक रुपये में 90 पैसे दे रही है और भूपेश बघेल सिर्फ दस पैसे देकर दाऊ बन रहे हैं। कांग्रेस केवल आत्मस्तुति करना और अपनी पीठ खुद थपथपाना जानती है। किंतु जनता सारी असलियत पहचानती है। छत्तीसगढ़ के किसानों ने लोकसभा चुनाव में मोदी जी को जैसा समर्थन दिया, वह इसका प्रमाण है और आने वाले विधानसभा चुनाव में किसान इस वादाफरामोश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं।

## कमलेश्वर मेला महोत्सव में लगाई प्रदर्शनी और दिया मलेरिया एवं डेंगू से बचाव का संदेश



जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना




**पिछोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी के निर्देशन में विकासखंड पिछोर के कमलेश्वर मेले में एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया व जिला स्वस्थ समिति के संयुक तत्वाधान में आज मंगलवार को मलेरिया एवं डेंगू प्रदर्शनी लगाकर मलेरिया एवं डेंगू से बचाव का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना दीपक जोहरी एवं मलेरिया इंस्पेक्टर दिनेश भार्गव द्वारा मलेरिया होने के कारण व बचाव एवं मच्छर के जीवन चक्र को बताते हुए कहा कि पानी को ढककर रखने, कपड़ो से शरीर को ढककर रखने व घरों से कबाड़ हटाकर मलेरिया की रोकथाम की जानकारी दी। साथ ही बताया कि सभी लोगो को सोते समय नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार आने पर 24 घंटे के भीतर खून की जांच कराएं क्योंकि कोई बुखार मलेरिया हो सकता है। मेले में आए हुए लोगों को मलेरिया एवं डेंगू के कारण एवं बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं 20 लोगों का आरडीटी किट के माध्यम से मलेरिया टेस्ट भी किया जिनका रिजल्ट निगेटिव रहा। इस कार्यक्रम में एंबेड टीम के सदस्य प्रोग्राम एसोसिएट विवेक एवं बीसीसीएफ महेश कुमार, रियाज, बंटी, सतेंद्र एवं हरगोविंद का विशेष योगदान रहा।

## किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत पात्र कृषक जनवरी माह तक ई केवायसी अथवा बैंक खाते से आधार को लिंक कराए

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना




शिवपुरी। किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत पात्रता रखने वाले जिले के कृषक बंधु जिनके ई केवायसी अथवा बैंक खाते से आधार को लिंक कराना शेष रह गया है, वे जनवरी माह तक शीघ्र कार्यवाही पूर्ण करें। जिससे किस्त प्राप्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान ना आए। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने ऐसे किसानों से जिनके द्वारा ई केवायसी व अकाउंट आधार लिंकिंग नहीं कराई है उन सब से अपील की है कि वे सीएससी केंद्र से केवाईसी एवं बैंक से अकाउंट लिंकिंग शीघ्र जाकर कराएं। ताकि योजना के लाभ प्राप्त करने में व्यवधान न हो। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की आगामी किस्त के भुगतान की कार्यवाही जनवरी 2023 के अंतिम सप्ताह में संभावित है। जिले में पटवारियों द्वारा शीघ्र सारा ऐप से हितग्राहियों के सत्यापन रिकॉर्ड भुगतान हेतु प्रेषित किया जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि पीएम किसान अंतर्गत जिले में 52000 किसानों की अकाउंट आधार लिंकिंग शेष एवं 16000 किसानों की ई केवाईसी शेष है जिससे उनको आगामी किस्त का भुगतान नहीं हो पाएगा।

## ग्राम पंचायत रातीकिरार सचिव निलंबित

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



शिवपुरी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने ग्राम पंचायत कोष से विभिन्न प्रयोजनों के लिए राशि आहरित कर मौके पर कोई कार्य न कराए जाने, योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि न लिए जाने के कारण ग्राम पंचायत रातीकिरार सचिव वीरेन्द्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। सचिव वीरेंद्र शर्मा द्वारा पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं शासकीय निर्देशों की अवहेलना किए जाने एवं स्वेच्छाचारिता का दोषी मानते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत उक्त निलंबित किए जाने की कार्यवाही की गई है।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपा देगी राज्यपाल के नाम ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । समाजवादी पार्टी जिला भिण्ड के द्वारा दिनांक 19 जनवरी को प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर जिलाध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में दोपहर 12 वजे से धन्वन्तरी काम्प्लेक्स पर मध्यप्रदेश शासन की जन बिरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांति पूर्ण रूप से किया जाना है,उसके बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। अतः जिले के समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता एवं समाजवादी सोच रखने वाले महानुभाओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या मै एकत्र होकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की।

# पीएचई मंत्री के निर्देश हवा हवाई, 1 सप्ताह बाद भी नही हुई पूर्व नरखेड़ा सचिव पर कार्यवाही

## जिले में हावी है अफसर शाही, रबर मोहर बने आरक्षित वर्ग के जनप्रतिनिधि

**मुंगावली** – जनपद पंचायत मुंगावली की नरखेड़ा पंचायत के पूर्व सचिव हारून खान पर एक सप्ताह से अधिक का समय गुजरने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो सकी है पीएचई मंत्री के एक्शन मूड के बाद प्रतीक्षालय से पूर्व सचिव का नाम तो हटा दिया गया है लेकिन पीएचई मंत्री द्वारा अधिकारियों को पूर्व सचिव हारून खान पर कार्यवाही को लेकर दिए गए निर्देश अभी भी हवा हवाई ही दिखाई दे रहे है । एक सप्ताह से अधिक का समय गुजरने के बाद भी पूर्व सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई जिससे ऐसा लगता है कि जिले में अफसर शाही हावी है जिले के अधिकारी पीएचई मंत्री के आदेश को भी अनदेखा कर रहे है। वही ग्रामीण उक्त मामले में पूर्व सचिव की शिकायत जिला पंचायत सीईओ नेहा जैन को भी कर चुके है वह भी कार्यवाही की बात कह चुकी है लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही उक्त पूर्व सचिब हारून खान के खिलाफ देखने को नही मिली है। आपको बता दे कि पूर्व सचिव हारून खान वर्तमान में ईशागढ जनपद की ग्राम पंचायत में पदस्थ है ग्रामीणों का कहना है कि उसके बाद भी हारून खान द्वारा दबंगता पूर्वक नरखेड़ा पंचायत के आदिवासी सरपंच को रबर मोहर बनाकर काम किया जा रहा है पूर्व सचिव ने पंचायत में बने प्रतीक्षालय पर सरपंच के साथ अपना नाम तक लिखवा रखा था। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सचिव पंचायत के हर कार्यक्रम में मौजूद रहता है और आदिवासी सरपंच की जगह खुद को सरपंच बताता है साथ ही वह पंचायत में काम भी खुद ही करता है ग्रामीणों के अनुसार आदिवासी तो सिर्फ रबर मोहर है।

### जिम्मेदार नही करते कार्यवाही

पूर्व सचिव कि दबंगई का आलम इस कदर है कि एक सप्ताह बाद भी कार्यवाही न होने से मामला लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है ग्रामीणों का कहना है कि शायद जिम्मेदार अधिकारी भी पूर्व सचिव के खिलाफ कार्यवाही से डरते है या फिर पूर्व सचिव की राजनैतिक पहुँच मजबूत है इसलिए ही मामले में कार्यवाही नही की जा रही। क्योंकि पीएचई मंत्री के निर्देश के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा करीब एक सप्ताह के बाद भी कोई कार्यवाही उक्त पूर्व सचिव के खिलाफ नही की गई है।

### इनका क्या कहना है -

मुंगावली, ईशागढ जनपद सीईओ से प्रतिवेदन मंगवाया है प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**नेहा जैन, जिला पंचायत सीईओ मुंगावली**



# देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया का गरीब बस्ती में पहुंचकर फल वितरण कर मनाया जन्मदिन

**पोरसा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल पोरसा ग्रामीण मंडल एवं नगरा मंडल के द्वारा भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हॉकी संघ देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया का जन्मदिन शासकीय अस्पताल एवं झुग्गी झोपड़ियों ब गरीब बस्ती में पहुंचकर फल वितरण कर मनाया गया जन्मदिन इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने उनकी दीर्घायु एवं उन्नति की कामना की तथा हमेशा क्षेत्र की जनता के कार्य के लिए उनके सुख दुख में अग्रणी होकर सहयोग करते रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता मानवेंद्र सिंह तोमर संतोष उपाध्याय पवन शर्मा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संयोजक सौरभ तोमर प्रभारी ग्रामीण लोकेंद्र तोमर निखिल तोमर दीपेंद्र भदौरिया नीरज पचौरी मजदूर संघ अध्यक्ष सूरज सिंह नीरज सिंह रमाकांत शर्मा तेजवीर सिकरवार आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ के दूसरा दिन जबलपुर ने राजस्थान को हराया





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**– मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में खेले जा रहे 16वे राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ 16 जनबरी से 22 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा है।कार्यक्रम में शुभारंभ के दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में मिहोना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेणु शिवमोहन सिंह राजावत मौजूद रहे। तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मिहोना नगर पंचायत के वर्तमान अध्यक्ष ठकुरी प्रसाद कुशवाह के द्वारा की गई।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के द्वारा सर्व प्रथम मध्यप्रदेश नेता प्रतिपक्ष एवं लहार विधायक के पिता स्व.मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय कराया तदोपरांत दोनों अतिथियों ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आनंद लिया वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन में पूल ए का दूसरा मैच राजस्थान व जबलपुर के बीच खेला गया।जिसमे राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।राजस्थान ने बैटिंग करते हुए 23.1ओवर में 139 रन बनाकर आलआउट हो गयी और जबलपुर के सामने 140 रनों का लक्ष्य रखा।जबाब में मैदान में उतरी जबलपुर ने महज 18.1 ऑवर में 141 रन बनाकर 6 विकेट से यह मैच जीत लिया।जिसमे जबलपुर के अंकित वर्मा मैंन ऑफ द मैच रहे।अंत मे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नगर के पार्षद प्रतिनिधिओ के द्वारा प्रदान किया गया।बुधवार को ए पूल का सेमीफाइनल मैच जबलपुर व रीवा के मध्य खेला जाएगा।मैच का आँखों देखा हाल रजनीश पालीवाल सर,रामनारायण सर,श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव एवं जीएस कौरव द्वारा सुनाया गया।इस मौके पर लाखो दर्शको ने मैच का आनंद लिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,सहसचिव दबोह नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह,दिलीप सोनी,हिमांशु मुदगल,मौजूद रहे।इस अवसर पर धर्मेंद्र कौरव,पंकज शर्मा,राकेश रजक आदि लोग मौजूद रहे।

**जबलपुर से अंकित वर्मा रहे मैन ऑफ द मैच**

# अंबाह उप जेल में पहुंचकर कैदियों से की मुलाकात सर्दी से बचाव के लिए भाजपा ने कैदियों को बांटे गर्म वस्त्र



अंबाह। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अंबाह उप जेल में पहुंचकर मकर संक्रांति पर्व की कैदियों को गजक मिष्ठान खिलाकर दी बधाई तथा सर्दी से बचाव के लिए पहनने वाले गर्म वस्त्र वितरण किए गए कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा जेल में रहकर हम सभी को मिलकर भाईचारे के साथ रहना चाहिए और जिसको जो आवश्यकता है उस आवश्यकता को एक दूसरे की सहायता कर पूरी करना चाहिए शीतलहर अधिक होने के कारण मकर संक्रांति पर्व पर सभी कैदी भाइयों को गरम टोपा पहना कर वितरण किए गए अंबाह उप जेल के बाहर बुजुर्ग व्यक्ति मजदूरी कर रहे थे तभी जेल अधीक्षक ,मंडल अध्यक्ष ने देखा तो उसे भी गर्म वस्त्र दिए गए। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता बीके रेखा बहिन जेल अधीक्षक रफी हुसैन खान सुमन राय सचिन गुप्ता रमाकांत शर्मा नारायणी देवी पवन शर्मा संदीप उपाध्याय सुरेंद्र नरवरिया रिंकू जैन जनक आरोलिया गिरधारी तोमर आनंद परमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकलांग बन्धुओं को जनसुनवाई में भी निराशा ही हाथ लगी

## 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता बाले पीड़ित विकलांग बन्धुओं की मांग सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करेंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई मै करीब एक दर्जन विकलांगजन सामूहिक रूप से विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल के साथ पहुंचे द्य उनको आशा थी की उनकी समस्या का समाधान होगा लेकिन उनको जनसुनवाई मै निराशा हाथ लगी द्य आज जनसुनबाई कलेक्टर महोदय के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर के द्वारा की जा रही थी द्य राज्य सचिव बिकलांग बल सौरभ बघेल के अनुराग गतदिवस 14 जनवरी को निःशुल्क विकलांग उपकरण वितरण शिविर निराला रंग विहार भिण्ड मै लगाया गया था उसमे जो 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता बाले भाई बहिन को कोई भी उपकरण उपलब्ध नही कराया गया था जबकि उनका अक्टूबर माह मै कैम्पो के माध्यम से रजिस्ट्रेशन जारी हुआ था उन सबके पास रशीद भी थी द्य आज जनसुनबाई की आस लिए विकलांग बन्धु जनसुनबाई मै पहुचे तो जनसुनवाई के माध्यम से उनको समाजिक न्याय विभाग पहुंचाया गया,वहाँ पर सभी विकलांग जन की पर्ची देखकर ट्राई साइकिल रिक्शा दे दिया गया जब पीड़ित विकलांग बन्धुओ ने बोला की हमने तो मोटराइज्ड साइकिल (बैटरी बाली सायकिल ) के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था हम तो 80 प्रतिशत से भी अधिक असहाय विकलांग है इस ट्राई सायकिल को कैसे चला पाएंगे द्य तब उनको बताया गया हम कुछ नही कर सकते ये एलिम्को कंपनी के माध्यम से मिलते है द्य निराश विकलांग बन्धु अपनी अपनी ट्राई सायकिल लेकर वापिस घर चले गए द्य सभी निराश दुःखी विकलांग बन्धुओ का कहना है की हम संतुष्ट नही अब मजबूर होकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएंगे। उपस्थित हुये विकलांग बंधु आरती राजावत,भानुप्रताप दौहरे,शैलेश शर्मा, राजवीर नरवरिया,रामलखन शाक्य,नंद किशोर बघेल, सरनाम राजावत,सतेंद्र नरवरिया एवं सौरभ बघेल आदि।




# पचौरा ट्रिपल मर्डर केश के सभी आरोपी 48 घण्टे के अंदर पहुँचे सलाखों के पीछे

## थाना प्रभारी मेहगांव वरुण तिवारी एवं साइबर टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

भिंड-भिंड जिले के मेहगांव थाना अंतर्गत ग्राम पचेरा में दिनांक 15.01.23 को फरियादी मनोज त्यागी निवासी पचैरा ने उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट की कि आग पचैरा में पंचायत भवन के पास आरोपीगणो ने दिनदहाडे हथियारों से सुसज्जित होकर एक राय होकर सरपंची चुनाव संबंधी पुरानी रंजिश को लेकर हाकिम प्रसाद त्यागी,गुल्लू उर्फ अनुज त्यागी,पिंकू उर्फ धरिन्द्र त्यागी में गोली मार कर हत्या कर दी है जिस पर से थाना हाजा पर अपराध क्र. 10/23 धारा 302,307 आदि धाराओ मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे महोदय द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवम एसडीओपी अरविन्द शाह महोदय के निर्देशन में गठित टीम द्वारा मर्डर के 48घण्टे के अंदर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया आरोपीगणों की धरपकड़ हेतु थाना प्रभारी मेहगांव वरुण तिवारी मय फोर्स एवं साईबर उनि शिवप्रताप सिंह, उनि दीपेन्द्र सिंह यादव, वैभव तोमर, सत्यवीर एवं टीम द्वारा पचैश ट्रिपल मर्डर के अन्य आरोपीगणों की गिरपतारी के लिये संभावित स्थानो पर दबिशें दी गई जिसमे श्रीमान एसडीओपी अरविन्द शाह महोदय के निर्देशन में गठित उपरोक्त टीम के निरंतर व अथक प्रयासों से घटना मे शामिल शेष अन्य आरोपियों में से 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में कुल आरोपियों को गिरफ्तार किये गये हैं।



# पोरसा पुलिस ने अवैध 315 बोर का कट्टा एक कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**केशव पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

अम्बाह... पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी, व अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया द्वारा अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान परिमाल सिंह मेहरा, एसडीओपी. अंबाह द्वारा अवैध हथियारों को पकड़ने के संबंध में लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे थे, जिस पर से पोरसा टीआई रामपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 16/01/ 23 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाईपास एक्सचेंज भवन के पास में 315 बोर का कट्टा लिये वारदात की नियत से घूम रहा है, सूचना मिलने पर आरोपी को शाहपुरा मोड अटेर रोड पोरसा के पास गिर0 कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा मय एक 315 बोर के जिंदा कारतूस के जप्त कर गिर0 किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध अप0क0 29 / 23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में महत्वपूर्ण योगदान थाना पोरसा से थाना प्रभारी आरपीएस जादौन, सउनि कमलेश सिंह, प्रआर0 नीरज सिंह तोमर, आर. 404 नरेन्द्र सिंह भदौरिया, आर. 1325 सुभाष गुर्जर, आर0 गोविंद भदौरिया, आर0 प्रमोद कुशवाह, आर. 853 धीरज सिंह, आर. संदीप सिंह की अहम भूमिका रही।

# हाथामेढ़ी पहुंचे सदर विधायक, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**स्टेट हेड झारखंड-आनंद शाही**

हजारीबाग-मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कटकमदाग प्रखंड स्थित कटकमदाग पंचायत के ग्राम हाथामेढ़ी पहुंचे। जहां हाथामेढ़ी देवी मंडप प्रांगण में पूर्व से जुटे ग्रामीणों ने विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग वस्त्र- ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में विधायक मनीष जायसवाल से सांस्कृतिक भवन निर्माण की मांग रखी। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने ग्राम वासियों को संबोधित करते सर्वप्रथम गांव में एक बड़ा भूखंड चिन्हित कर उसमें बाउंड्री वाल कर भविष्य के लिए समाजहित में सुरक्षित करने के लिए धन्यवाद दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आप सांस्कृतिक भवन के लिए भूमि प्रतिवेदन और प्राक्कलन बनाकर लाइए जीतने राशि का आपका प्राक्कलन होगा उतना राशि आपके सांस्कृतिक भवन के लिए हम अपने विधायक निधि की राशि से स्वीकृत करेंगे। यहां मंच संचालन भाजपा कार्यकर्ता दीपक पंडित ने और धन्यवाद ज्ञापन कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने किया । मौके पर विशेष रुप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कटकमदाग के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र गुप्ता, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, ग्राम अध्यक्ष राजेश प्रजापति, लोकनाथ प्रजापति, योगेश्वर प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष राजेश प्रजापति, जगन महतो, राजू यादव, किसून गोप, तुलसी महतो, विनोद प्रजापति, रामलाल प्रजापति, नरेश ठाकुर, बालेश्वर कुशवाहा, ईश्वर महतो, महावीर प्रजापति, दिनेश प्रसाद, उमेश राम, नागेश्वर ,अयोध्या कुशवाहा, महावीर ठाकुर, नरेश ठाकुर, भीखन महतो, इंद्र प्रजापति, लोकेश कुमार, आदित्य कुमार, प्रकाश प्रजापति, महेश प्रजापति, ज्ञानी प्रजापति, दिलीप कुमार, भैरो प्रजापति, रेणु देवी, अनीता देवी, चमेली देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, सुलेखा देवी, सरिता देवी, जितनी देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

**आप उपलब्ध कराएं भूमि प्रतिवेदन और प्राक्कलन, हम विधायक निधि से बनवाएंगे भव्य सांस्कृतिक भवन– मनीष जायसवाल**





# सूर्या रोशनी प्रांगण में आज राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर/ सूर्या रोशनी प्रांगण में आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य रुप से थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव ने सूर्या रोशनी के लगभग 300 कर्मचारियों एवं मैनेजमेंट सबको सड़क यातायात के नियमों की जानकारी दी कहा कि कभी भी बाइक चलाते समय फोन से बात न करें हेलमेट लगाकर ही घर से चलें एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें क्योंकि आप भले ही अच्छे वाहन चालक हैं परंतु सामने वाला कैसे चालाक है इसका ध्यान रखना भी चाहिए थाना प्रभारी ने आगे समझाइश देते हुए कहा है वाहन चालक नशे में वाहन चलाते हैं इसके कारण भी घटना होती है परंतु वाहन चालकों की थोड़ी सी लापरवाही में आज कई परिवार एक्सीडेंट में काल के गाल में समा गए हैं पुलिस जहां भी चेकिंग करें तत्काल अपने कागजों को चेक कराएं जिससे अगर गाड़ियों को बीमा ड्राइवर लाइसेंस हेलमेट आदि जरूरी क्योंकि भगवान ना करे कोई दुर्घटना हो परंतु इस सब कार्रवाई में स्वयं की सुरक्षा और सामने वाले की सुरक्षा रहती है अधिकतर एक्सीडेंट शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक दुर्घटनाओं ज्यादा रहती है क्योंकि यह समय भागम भाग का रहता है सभी लोग जाने की चक्कर में जल्दी में रहते हैं गाड़ी अति तेज ना चलाएं क्योंकि गाड़ी तेज गति से चलाने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ता है जाने से घटनाएं होती हैं इसी क्रम में सूर्या कंपनी एच आर जनरल मैनेजर मुकुल चतुर्वेदी ने कहां की सावधानी हटी दुर्घटना घटी कृपया सावधानी से चलें सुरक्षित रहें इस कार्यक्रम में मौजूद रहे संजय सिंह कुशवाह, विनोद सिंह राजपूत, सौरव भार्गव, सिक्योरिटी हेड पुष्प मणि पांडे, मालनपुर थाना पुलिस स्टाफ में प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला, आरक्षक नवीन तोमर ,आरक्षक मनीष सिंह, एवं सूर्य रोशनी के लगभग 300 अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे




# गंगा और विलास

यह सर्वविदित है कि पूर्वी एशिया के तमाम छोटे देश विदेशी पर्यटकों के जरिये जो विदेशी मुद्रा हासिल करते हैं, उसके मुकाबले हम बहुत पीछे हैं। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि पर्यटन संस्कृति अपने साथ अपसंस्कृति भी लाती है। इसके बावजूद वैश्वीकरण के दौर में विदेशी नकद-नारायण की अपनी महिमा है, जिसकी त्रासदी कोरोना संकट के बाद श्रीलंका समेत तमाम देशों ने भुगती भी। बहरहाल, बनारस से बांग्लादेश होते हुए असम तक की लंबी यात्रा पर चलने वाले दुनिया के सबसे लंबे क्रूज ह्यगंगा विलासह्ल का जलावतरण निस्संदेह भारतीय पर्यटन जगत में एक अभिनव कदम है। बनारस में गंगा के रविदास घाट से रवाना होकर ह्यगंगा विलासह्ल क्रूज बिहार, बंगाल और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। यह यात्रा 51 दिन में पूरी होगी और विभिन्न राज्यों के पचास महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों से गुजरेगी। लेकिन इसी बीच इसका विरोध भी शुरू हुआ है। वैसे तो विरोध की आवाजें गैर भाजपा शासित राज्यों व विपक्षी दलों की तरफ से हैं। विरोध की तल्ख टिप्पणी कुछ दिनों पहले भाजपा गठबंधन से अलग हुए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की तरफ से आयी है। उन्होंने गंगा में बाढ़ से भरने वाली गाद तथा क्रूज पर होने वाले खर्च पर सवाल उठाये हैं। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इसके चलने से निषाद समाज को होने वाले नुकसान की बात कही है। जिस पर भाजपा नेता कह रहे हैं कि इस तर्क से तो नदी पर पुल भी नहीं बनने चाहिए। निस्संदेह, तार्किक आधार पर किसी कदम का विरोध जरूर होना चाहिए, लेकिन वजह राजनीतिक दुराग्रह न हो। बहरहाल, गंगा विलास क्रूज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जगत में खासा उत्साह है। इस बार की यात्रा में शामिल 36 पर्यटकों में से 32 स्विट्जरलैंड के हैं और अगले दो साल के लिये इसकी बुकिंग पूरी हो चुकी है। केंद्र सरकार भी क्रूज की विश्वस्तरीय सुविधाओं का दावा कर रही है। बताया जा रहा है कि क्रूज में सवार यात्री भारत व बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टमों व सात नदियों से गुजरेंगे। कलकत्ता शिपयार्ड में तैयार क्रूज को स्वदेशी तकनीक व साज-सज्जा तथा वास्तुकला के सांचे में ढाला गया है। यात्रा के लिये जरूरी तमाम आधुनिक सुख-सुविधाएं इसमें उपलब्ध हैं। इस यात्रा का सफर पांच राज्यों से होता हुआ 51 दिन बाद डिब्रूगढ़ में संपन्न होगा। जिसमें 15 दिनों का बांग्लादेश में होने वाला पड़ाव भी शामिल है। बहरहाल विदेशी सैलानी इस दौरान वैश्विक धरोहरों, राष्ट्रीय पार्क व दर्शनीय स्थलों से रूबरू होंगे। केंद्र सरकार का कहना है कि विदेशी यात्री गंगा-विलास के जरिये हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व विविधता से जुड़ सकेंगे। निस्संदेह, यदि इस नये प्रयास से पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा मिलता है तो अच्छी बात है। लेकिन सत्ताधीशों को ध्यान रखना चाहिए कि गंगा करोड़ों लोगों की आस्था की प्रतीक है, भोग विलास की नहीं। वहीं व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये गंगा के पर्यावरण पर प्रतिकूल असर भी नहीं पड़ना चाहिए। खासकर गंगा की डॉल्फिन और अन्य जलचरों का प्राकृतिक अधिवास बाधित न हो।

# मैडम सर के संबोधन को हटाने की कवायद

केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने लैंगिक भेदभाव खत्म करने की एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हाल ही में एक आदेश जारी किया है कि सभी स्कूली शिक्षकों को श्सरश या मैडम के बजाय टीचर शब्द से ही संबोधित किया जाना चाहिए। आयोग के मुताबिक सर या मैडम के बजाय टीचर शब्द लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं रखता। दरअसल शिक्षकों को सर या मैडम संबोधित करने से होने वाले भेदभाव को खत्म करने के मकसद से एक व्यक्ति ने याचिका दाखिल की थी, जिस पर विचार करते हुए आयोग ने यह आदेश जारी किया है। आयोग का कहना है कि सर या मैडम के बजाय टीचर कहने से सभी स्कूलों में बच्चों के बीच समानता बनाए रखने में मदद मिल सकती है और शिक्षकों के प्रति उनका लगाव भी बढ़ेगा। बाल अधिकार आयोग का यह आदेश दूरदर्शितापूर्ण है, क्योंकि बच्चे जब शुरू से लैंगिक समानता का पाठ पढ़ेंगे, तो बड़े होने पर उनके व्यवहार में यह समानता झलकेगी। आज देश में जिस लैंगिक असमानता की समस्या से हम जूझ रहे हैं, उसके पीछे एक बड़ा कारण यही है कि सदियों से पुरुषों को स्त्रियों से ऊपर का दर्जा देने का रिवाज



चलता आया है और पीढ़ी दर पीढ़ी यह बरकरार है। अब भी घरों का मुखिया ही होता है, घर की मुखिया जैसी अवधारणाएं अपवाद जैसी देखने मिलती हैं। सभ्यता के विकास के साथ-साथ समाज में कई तरह के बदलाव आए, लेकिन पुरुष प्रधान समाज की संरचना नहीं बदली। नतीजा ये हुआ कि पुरुषों का अहं स्त्री समाज पर हावी होता गया। स्त्रियों ने भी इसे अनिवार्यता की तरह स्वीकार कर लिया और अपनी दोयम स्थिति को प्राकृतिक मान लिया। जबकि प्रकृति ने स्त्री और पुरुष में शारीरिक संरचना के अलावा और कोई भेद नहीं किया है। लैंगिक भेदभाव मानव निर्मित समस्या है और इसका निवारण जरूरी है। क्योंकि इस भेदभाव के कारण महिलाओं को कई स्तर पर, कई तरह की प्रताड़नाओं का शिकार होना पड़ता है। घर, विद्यालय, कार्यक्षेत्र हर जगह स्त्री व पुरुष के बीच भेदभाव कायम है। जैसे-जैसे महिला अधिकारों के लिए जागरुकता बढ़ी है, इस भेदभाव को दूर करने के अनेक प्रयास हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता के उद्देश्य को लेकर मनाना शुरू हुआ। अभी देश में संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण का मसला कई बरसों से अटका हुआ है, क्योंकि पुरुषसत्तात्मक समाज की परवरिश महिला और पुरुष की समानता को आसानी से स्वीकार नहीं कर पा रही है। कुछ समय पहले एक फिल्म आई थी भारत। जिसमें नायक सलमान खान द्वारा नायिका कटरीना कैफ को मैडम सर का संबोधन देना काफी चर्चित हुआ था। बाद में इसी शीर्षक से एक धारावाहिक भी बना, जो चार महिला पुलिसकर्मियों के कामों और चुनौतियों पर केन्द्रित था। फिल्म में मैडम सर का संबोधन इसलिए शुरू हुआ, क्योंकि नायक अपने रोजगार के लिए जब दफ्तर पहुंचता है, तो वहां अधिकारी के तौर पर एक पुरुष की जगह एक स्त्री को देखकर चकित हो जाता है। और तब वह कहता है अच्छा आप मैडम सर हो। इस संबोधन को हंसी-मजाक में लिया जा सकता है। लेकिन बारीकी से सोचें तो यह कितनी बड़ी विडंबना है कि आजाद भारत में स्त्री को किसी कार्यालय में उच्च पद पर देखना अब भी अचरज की बात लगती है। हालांकि फिल्म में 70-80 के दशक को दिखाया गया है, लेकिन तब से अब तक कुछ खास बदलाव नहीं आया है। सिवाए इसके कि देश में अब दो महिलाएं राष्ट्रपति बन चुकी हैं और दो महिलाएं लोकसभा अध्यक्ष के पद पर आसीन हुई हैं। लेकिन इससे व्यापक समाज में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। पिछले साल 15 अगस्त के भाषण में प्रधानमंत्री मोदी को नारी शक्ति की महिमा का बखान करना पड़ा था। उन्होंने आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति के उपयोग की बात की थी। लेकिन आक्सफैम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी कम है, क्योंकि यहां लैंगिक भेदभाव है।

# आपदा जोखिम की जड़ें कहीं अंकुर कहीं

प्रियंका सौरभ

अनियंत्रित शहरीकरण, भूकंपीय क्षेत्रों में निर्माण, तेजी से कटाव की गतिविधि ने इस क्षेत्र में गंभीर बाढ़ ला दी है। सरकार को इस प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए कार्यप्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। नदियों को आपस में जोड़ने जैसी पहलों का स्वागत किया जाता है और इन्हें पूरी गति से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ड्रेनेज सिस्टम को उचित और शहरी आवास योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। तैयारियों के संदर्भ में, मौसम पूवार्नुमान को मजबूत और टिकाऊ बनाए जाने की जरूरत है, विकास की पहल को और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आपदाओं की अनिश्चितता और तत्परता को ध्यान में रखते हुए, लचीलेपन को मजबूत करने के लिए तंत्र बनाने की तत्काल आवश्यकता है। बेशक सरकार इस दिशा में काम कर रही है लेकिन सामुदायिक भागीदारी की भी आवश्यकता है। प्राकृतिक आपदाएँ एक प्रमुख कारण हैं जो किसी राष्ट्र के जीवन और संपत्ति पर भारी बोझ का कारण बनते हैं। इसलिए आपदा के प्रभाव, उसके शमन और आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक अन्य गतिविधियों के अध्ययन पर तत्काल ध्यान देना अनिवार्य है। आपदाएं मानव निर्मित और प्राकृतिक जन्म दोनों हो सकती हैं। मानव निर्मित आपदाओं में दंगे, युद्ध, परमाणु खतरे, खतरनाक अपशिष्ट आदि शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, बादल फटने और आदि जैसे जलवायु कारकों और रोग, महामारी आदि जैसे जैविक कारकों के कारण हो सकती हैं। कुछ आपदाएँ सीधे प्रभावित करती हैं। और तत्काल प्रभाव पड़ता है और अन्य का दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। किसी भी प्रकार की आपदा से हमेशा मानव जीवन और राज्य संपत्ति का भारी नुकसान होता है। जबकि कई आपदाओं में संपत्ति के विनाश को टालना संभव नहीं है लेकिन किसी भी आपदा में मानव जीवन को बचाया जा सकता है। आपदा घटनाओं की एक श्रृंखला है जो बड़े पैमाने पर जीवन, आजीविका और संपत्ति का विनाश करती है। जब आपदाएं अपरिहार्य हो जाती हैं, तो उनके जोखिम को कम करने की तैयारी के बारे में सोचना अनिवार्य हो जाता है। जैसा कि आम कहावत है, ष्रोकथाम इलाज से बेहतर हैष्, यह न केवल जरूरी है बल्कि लचीलापन बनाने के लिए लाभदायक भी है, क्योंकि यह कम विनाश लाता है और यह आपदा के बाद राहत और पुनर्वास की तुलना में सस्ता है। आपदाएं मानव जाति के लिए एक विचार नहीं है। उन्होंने बाढ़, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, कुछ नामों के लिए हर संभव रूप में अपनी नींव स्थापित की है। चाहे वह चीनी बाढ़ हो या फ्लोरिडा के चक्रवात, आपदा के निशान सीमाओं के पार हैं। इस संदर्भ में, मानव जाति के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह प्रतिक्रिया से रोकथाम की ओर परिवर्तन करे। पहले, तकनीकी बाधाओं के कारण तैयारी स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान तक सीमित थी जिसे अब वर्तमान पीढ़ी के नवाचार और अनुसंधान के साथ ठीक से एकीकृत करने की आवश्यकता है। आपदा तैयारी के इस तंत्र को विश्व स्तर पर लिया गया है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय जैसे संस्थान चचाओं और विचार-विमर्श के मंच हैं जहां राष्ट्रों को नागरिक समाज संगठन और स्थानीय समुदाय के सहयोग से आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। व्यापक आम सहमति के माध्यम से, विभिन्न राष्ट्रों की सरकारों को इन चार कार्यक्षेत्रों के माध्यम से तैयारियों के विचार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता हैरू पहले ट्रांसपोंडर के लिए चल रहा प्रशिक्षण, विनाश योजनाओं में सामुदायिक भागीदारी, बेहतर जोखिम मूल्यांकन, सरकार के प्रतिक्रिया समय को कम करना। सूची संपूर्ण नहीं है और विभिन्न राष्ट्रों की पारिस्थितिकी के अनुसार इसका विस्तार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के प्रति उच्च भेद्यता है। तैयारियों के स्तर के अनुसार जो पहले से मौजूद है, देश को अन्य कार्यक्षेत्रों में विस्तार करने की आवश्यकता है। इसकी पुष्टि इस तथ्य से की जा सकती है कि फिलीपींस और भारत जैसे देशों ने चक्रवातों से निपटने के लिए एक बेहतर तंत्र स्थापित किया है, जो इन क्षेत्रों में लगातार घटनाएं होती रहती हैं।

# हिमाचल में पुरानी पेंशन स्कीम



आदित्य नारायण चोपड़ा

हिमाचल प्रदेश की नवगठित कांग्रेस सरकार ने जिस तरह अपने प्रमुख चुनावी वादे को मन्त्रिमंडल की पहली ही बैठक में पूरा करने का फैसला किया वह संसदीय लोकतन्त्र के लिए शुभ संकेत माना जायेगा। हिमाचल प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने वादा किया था कि वह अपनी सरकार गठित होने के बाद पहली ही कलम से राज्य सरकार के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने का फैसला करेगी। अपने वादे पर खरा उतरते हुए मुख्यमन्त्री श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने अपनी पार्टी के जनता से किये गये वादे को पूरा करने वाला प्रस्ताव अपने मन्त्रिमंडल की बैठक में रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। लोकतन्त्र में जनता से किये गये वादों की पवित्रता होती है क्योंकि जनता उन वादों पर यकीन करके विशिष्ट पार्टी को मत देती है। बेशक पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने को लेकर चुनावी माहौल में भी दोतरफा आलोचना व समालोचना हो रही थी परन्तु हिमाचल कांग्रेस का मत था कि पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करके राज्य के सवा लाख से ज्यादा कर्मचारियों का भविष्य खासकर बुढ़ापा सुधारा जा सकता है, जिसके वित्तीय पोषण के लिए सरकार को अपने राजस्व साधन जुटाने के इंतजाम ही करने होंगे। श्री सुक्खू ने कहा है कि पुरानी स्कीम को लागू करने के लिए सरकार अपने खर्चों में कटौती करेगी जिससे रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को बुढ़ापे में आर्थिक चिन्ता न रहे। दरअसल इस स्कीम को लागू करने के विरुद्ध तर्क दिया जाता है कि इससे राज्य सरकारों का गैर योजनागत खर्च बढेघ्गा और आने वाली सरकारों को इसका बोझ उठाना पड़ेगा परन्तु इसके हक में तर्क दिया जाता है कि यदि कर्मचारियों को अपने रिटायर होने के बाद अपने व अपने आश्रित लोगों की चिन्ता रहेगी तो नौकरी में रहते हुए वे सदाचार के साथ अपना कर्त्तव्य निभाने में झिझक महसूस कर सकते हैं जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है। उन्हें नौकरी में रहते हुए ही अपने भविष्य की चिन्ता खाये जायेगी क्योंकि रिटायर होने के बाद उनकी कोई लगी-बन्धी आमदनी नहीं होगी। सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के सन्दर्भ में यह मत तार्किक लगता है क्योंकि ठेकेदारी प्रथा के प्रचलन के बाद सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि कर्मियों के भविष्य की सुरक्षा अनिश्चित रहती है, हालांकि सरकार की तरफ से कई प्रकार की भविष्यनिधि व निश्चित पेंशन योजनाएं भी शुरू की गई हैं। मगर बाजार मूलक अर्थव्यवस्था मानती है की किसी कर्मचारी की कार्यक्षमता या श्रम क्षमता चूक जाने के बाद सरकारी मद से उसका व्यय वहन करना वित्तीय घाटे की व्यवस्था को बढ़ावा देता है, गैर योजनागत खर्च में आवश्यक वृद्धि करता है। यह धन अनुत्पादक गतिविधियों में जाता है। भारत चूंकि एक कल्याणकारी राज की परिकल्पना का देश है। अतः समय-समय पर यह मांग उठती रही है कि जीवन भर सरकार की नौकरी करने वाले लोगों का बुढ़ापा निराश्रित नहीं छोड़ा जा सकता। अतः सरकार को उनकी दी गई सेवाओं का मुआवजा देना चाहिए। 2004 तक यह प्रथा जारी थी मगर इस वर्ष में केन्द्र स्तर पर फैसला किया गया कि सरकार ऐसी नई पेंशन स्कीम लागू करेगी जिसमें कार्यरत कर्मचारी व राज्य सरकार आधा-आधा आर्थिक राशि अंशदान देकर कर्मचारी के रिटायर होने पर उसे एक मुश्त रकम देगी जिससे वह अपना भविष्य संवार सके। इस योजना का विरोध राज्य स्तर पर विभिन्न राज्यों के कर्मचारी कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश में खास तौर पर एक पहाड़ी राज्य होने की वजह से व्यवसाय व वाणिज्य के साधन बहुत सीमित हैं और राज्य कर्मचारियों की संख्या अच्छी खासी है। नौकरी ही राज्य के लोगों का एक प्रमुख व्यवसाय है। विकास के सीमित साधनों को देखते हुए जहां पहाड़ी राज्यों व आदिवासी बहुल राज्यों में नई पेंशन स्कीम का विरोध हुआ वहीं राजस्थान जैसे मैदानी राज्य में भी सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। हिमाचल प्रदेश में तो पूरा चुनाव ही पुरानी पेंशन स्कीम के मुद्दे पर लड़ा गया जिसे कांग्रेस ने लागू करने का वादा किया था। अतः लोगों की इस मांग को पूरा करके सुक्खू सरकार ने केवल अपना दायित्व ही निभाया है। सुक्खू सरकार का पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने पर पहले वर्ष में ही 800 करोड़ रुपए का खर्च राज्य के एक लाख 36 हजार कर्मचारियों पर आयेगा। ये सभी कर्मचारी नई पेंशन स्कीम के तहत आते हैं। मगर हिमाचल सरकार ने केन्द्र से मांग की है कि वह नई पेंशन स्कीम के तहत राज्य कर्मचारियों के लिए की गयी उसकी अंशदान धनराशि की वापसी करें जिससे पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने में उसे कठिनाई न हो।




मेषः- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

बृषभ मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुनः- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

कर्कः- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंहः- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कन्याः- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुलाः- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिकः- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

धनुः- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकरः- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभः- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीनः-:- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# शिव बारात की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

## 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निकलेगी भव्य शिव बारात, लाल बत्ती में निकलेंगे भोले बाबा की पालकी शहर में होगा भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भिंडी ऋषि की पावन तपोभूमि मैं प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव बारात का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति के पदाधिकारियों के अलावा सभी जनप्रतिनिधि ने भाग लेकर कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाने का संकल्प लिया। महाशिवरात्रि पावन अवसर पर निकलने वाली शिव बारात प्रतिवर्ष की भात इस वर्ष भी काफी महत्वपूर्ण झांकियों के साथ निकाली जाएगी जिसका चल समारोह 4 शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल गौरी सरोवर के महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर वन खंडेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहां शिव और पार्वती का विवाह समारोह भी आयोजित किया जाएगा और संगीत में भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। बाहर से झांकियां भी आने की तैयारियां की जा रही है जो कि उत्तर प्रदेश से भी झांकियों को भिंड में लाया जाएगा साथ ही बैंड बाजे की धुन के साथ भोले बाबा की शिव बारात लाल पालकी में एक निकलेगी और जगह-जगह पुष्प मालाएं एवं अल्प आहार ओं से बारातियों का स्वागत किया जाएगा। शिव बारात के आयोजन समिति के पदाधिकारी शहर के



सभी समाज के लोगों के बीच पीले चावल देकर उन्हें आमंत्रित करेंगे ताकि बरात का आकर्षक केंद्र बने और सर्व समाज इसमें अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें। शिव बारात का चल समारोह अर्धनारीश्वर मंदिर से प्रमुख संत चलूंगा वाले महाराज एवं अन्य साधु संतों के साथ पूजा अर्चना की जाएगी उसके बाद बरात का प्रारंभ होगा जोकि गौरी के किनारे झांसी मोहल्ला, धर्मपुरी, शास्त्री चौराहा, अस्पताल परिसर, परेड चौराहा, सदर बाजार, गांधी मार्केट, हनुमान बजरिया, किला रोड होती हुई बन खंडेश्वर महादेव मंदिर पर समापन होगा उसके बाद शिव और पार्वती के विवाह की तैयारियां भी प्रारंभ होगी भारी संख्या में लोग बरात को देखने के लिए जिले से भी नहीं बाहर से भी लोग देर रात तक जिसमें महिला एवं पुरुष बुजुर्ग को युवा भोले बाबा के आकर्षक भजनों के साथ नृत्य करते हुए बरात में शामिल होते हैं जगह-जगह स्वागत द्वार एवं बेनरे वोटरों से पूरे शहर को और डीजे साउंड के साथ सजाया जाता है साथ ही कई शिवभक्त अल्पाहार एवं शरबत तथा पुष्पमाला उसे भी भगत बारातियों की अगवानी करते हुए शामिल होते हैं। महाशिवरात्रि आयोजित बरात की प्रभावी तैयारियों के लिए पूर्व विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह कुशवाह, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे,श्याम नारायण बाजपेई,सत्येंद्र पाठक लाला,संदीप मिश्रा,शेखर शुक्ला,अमित जैन,डॉ शिव कुमार राजोरिया, लटूरी प्रसाद शर्मा, अतुल पाठक,श्याम किशोर दीक्षित,पुष्पेंद्र तिवारी, दिवारी, प्रमुख भक्तगण उपस्थित थे।



# शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं को नहीं मिला 11 माह से वेतन

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय में जनसुनवाई मैं आवेदन देने आएंगे आशा कार्यकर्ताओं ने बताया वह आशा कार्यकर्ता शहरी क्षेत्र करैरा में आशा कार्यकर्ता के पद पर कार्य करती हैं, लेकिन हम लोगों को पिछले 11 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे हम आशा कार्यकर्ताओं को अपने परिवार का भरण-पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हम लोगों द्वारा पहले बी.सी.एम. करेरा व बी.एम.ओ. करेरा के अनुविभागीय अधिकारी करेरा को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से अपनी समस्या के बारे में अवगत करा चुके है लेकिन उनके द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है कि इसी माह आपकी वेतन आपके खाते मे डाल दी जायेगी लेकिन आज दिनांक तक हम आशा कार्यकर्ताओं की वेतन नहीं आई है। जिससे व्यथित होकर आज हम सभी आशा कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर शिवपुरी को अपनी शिकायत से अवगत कराया हैं यदि हमारी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण कर हमारी पिछले 11 माह की वेतन नही दी गई तो सब सभी आशा कार्यकर्ता अपना यही कलेक्ट्रेट परिसर मैं धरना देना शुरू कर देंगे आवेदन देने आई आशा कार्यकर्ताओं आरती साहू , रजनी मंडोलिया, संगीता सेन, भारती झा, कामिनी सोनी, रितु भार्गव ,वर्षा त्रिपाठी इत्यादि आशा कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन सौंपा

# हर दिल में जगह बनाते है रामू भैया: श्यामू ठाकुर

**पुष्पांजली टुडे**




सेवड़ा भारत सरकार के कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र भारतीय हॉकी एसोसिएशन उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह जी तोमर (रामू भैया) के जन्म दिवस के उपलक्ष पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकुआ धाम पर फल वितरण कर मंत्र उच्चारण कर बड़े ही धूमधाम से हर उल्लास के साथ हम सभी के नेता रामू भैया का जन्मदिन मनाया एवं रामू भैया का सरल सहज स्वभाव उन्हें एक कुशल नेता के रूप में युवा देखता है इसी के चलते वह हर युवा के दिलो में अपनी अलग छाप बनाते है इसीलिए समाजसेवा टीम उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करती है प्रभु श्री राम जी का आशीर्वाद आप पर हमेशा बना रहे कार्यक्रम में सुनील प्रताप सिंह राठौर इंदरगढ़ राहुल चौरसिया उर्दू खरे अनुरोध गुप्ता राहुल ठाकुर मातादीन जाटव कैलाश बाथम भगवानदास कल्लू पुरोहित जय दयाल बाथम राम सिया जाटव राज पटवा हरनाम जाटव हिमांशु सोनी।

# कोरोना का हाल में हुई पिता की मृत्यु राशि के लिए दर-दर भटक रहे बच्चे

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय में हुई जनसुनवाई के दौरान आवेदन देने आई सोनिया शर्मा पिता स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा निवासी टीवी हॉस्पिटल के पास शिवपुरी ने बताया कि मेरे पिता जी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा कार्यालय सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला शिवपुरी में सहायक वर्ग-3 के पद पदस्थ होकर कार्यरत थे। मेरे पिता की कोरोना काल में ऑनड्यूटी रहते हुए उनकी दिनांक 25/04/2021 को मृत्यु हो गई। मेरे पिता की मृत्यु पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अन्तर्गत बीमा राशि रूपये 50 लाख का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है, जिसकारण मुझे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। मेरे द्वारा समस्त प्रयास किये जा चुके है, फिर भी आज दिनांक तक बीमा का पैसा नहीं मिला है। सहायता राशि नहीं मिलने पर परिवार जन आर्थिक रूप से परेशान हैं जिसके कारण आज जनसुनवाई में आवेदन दिया गया और कलेक्टर शिवपुरी से गुहार लगाई गई कि जल्द से जल्द इन को सहायता राशि दी जाए जिस पर कलेक्टर ने जल्द से जल्द निवारण करने का आश्वासन दिया है





# कैलारस- एसडीओपी एव कोचिंग संचालक ने गोल्ड मैडल जितने पर दीप्ति सिंघल का किया स्वागत

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

कैलारस नगर में संचालित अंग्रेजी कोचिंग संस्थान के संचालक अरुण शर्मा एव एसडीओपी कैलारस श्री संजय कोच्छा के द्वारा ताइक्वांडो में स्टेट चैंपियन बनने पर अपने संस्थान में पड़ने वाली छात्रा कु. दीप्ति सिंघल को माला और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। यह ज्ञात रहे कि अरुण शर्मा पूर्व में एबीवीपी के नगर अध्यक्ष भी रह चुके है। इस अवसर कैलारस एसडीओपी संजय कोच्छा विशेषरूप से उपस्थित रहे। तथा चैंपियन बनने पर उसे बधाई दी। इस अवसर पर एसडीओपी संजय कोच्छा ने और संचालक अरूण शर्मा ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुऐ दीप्ति को नेशनल टूर्नामिंट के लिये उत्साहवर्धन किया और सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी बही एसडीओपी संजय संजय कोच्छा ने कहा कि आज लड़कियो लड़को से कम नही हर क्षेत्र में लड़कियां अपना ओर अपने माता पिता एव गांव, शहर, तहसील, जिले एव प्रदेश का नाम रोशन कर रही बही दीप्ति सिंघल ने ताइक्वांडो के माध्यम से मेडल प्राप्त किया है बहुत बहुत शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को इसी प्रकार आगे बड़ने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि दीप्ति द्वारा स्टेट चैंपियन बनना हमारे संस्थान के लिये बहुत ही गौरव का पल है। और उम्मीद करते है कि आगे भविष्य में भी इस संस्थान में पड़ने वाले विद्यार्थी इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध्धि हासिल करके संस्थान और अपने माता-पिता का नाम रौशन करते रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के सेकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उपनिरीक्षक ने स्कूल के बच्चों को प्रोजेक्ट के माध्यम से अपराधों ओर थाने की दी जानकारी

## उपनिरीक्षक प्रीति जादौन ने स्कूल के बच्चों को प्रोजेक्ट फाइल के माध्यम से अपराधों ओर थाने की दी जानकारी

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** ऊर्जा डेस्क प्रभारी प्रीति जादौन ने जानकारी देते हुये बातया की कैलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वतविक अकेडमी स्कूल के बच्चों को उनके स्कूल से एक प्रोजेक्ट दिया गया था जिसमे पुलिस की करवाई एव पुलिस की कार्यशैली से सम्बंधित है ओर थाने पर कोन से पद होते है ओर किस पद के व्यक्ति पर क्या कर्तव्य होते है उसी के संबंध में बच्चो को अच्छे तरीके से थाने से संबंधित जानकारी दी गई बही पूरे थाने का भ्रमण कराया गया बही बच्चो को प्रथक से उनके सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी एव बच्चीयों को गुड टच एव बेड टच के संबंध में जानकारी दी बही उपनिरीक्षक प्रीति जादौन ने बच्चो से कहा कि आपको स्कूल आते जाते कोई व्यक्ति आप से बात करने की कोशिश करता या किसी भी चीज का प्रलोभन दे कर अपने साथ चलने को बोलता है जिसे आप नही जानते हो तो कभी उनके साथ न जाये एव बही अपने परिवार बालो को अपने एक गोपनीय कोड रखे जिससे कि कभी आवश्यकता पड़ने पर कोई व्यक्ति आप



को लेने जाता हैं ओर बह व्यक्ति अगर कहता हैं कि आपके पापा या मम्मी ने हमे आपको लेने भेजा हैं तो आप उससे गोपनीय कोड पूछे ओर नही तो उसके साथ न जाये और फिर भी अनजान व्यक्ति नही मानता हैं तो जोर से आवाज लगाना शुरू कर दे बह व्यक्ति खुद ही भाग जायेगे डर से बही आपको बाहनों में आते जाते समय कोई गलत तरीके से टच करता हैं तो तत्काल अपने प्रिंसिपल,क्लास टीचर एव माता पिता एव भाइयों को परिवार में अवश्य बताए बही आप लोग ऑनलाइन पड़ाई करते समय अपनी जानकारी किसी को शेयर ना करे एव किसी प्रकार की गलत वैबसाइट का उपयोग ना करे आज कल सायवर से संबंधित बहुत फ्रॉड हैं रहे है इस लिए आप लोग साबधानी का ध्यान रखे एव आप लोगो को किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो आप लोग मुझ से मेरे मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते बही जानकारी देने के बाद सभी स्कूली बच्चो को उपनिरीक्षक प्रति जादौन ने बच्चो को स्वल्पाहार करा कर पुलिस स्टाप से परिचय कराया।

# श्री हरिदासजी स्मारक श्रद्धा निधि समर्पण अभियान को लेकर संपर्क

**पुष्पाजंली टुडे**

सिघाना। दीवान श्री हरिदासजी स्मारक महेश्वर के लिए श्रद्धा निधि समर्पण अभियान बुधवार दिनांक 18 जनवरी (वर्तमान धर्मगुरु दीवान माधवसिंहजी के जन्मदिवस) से प्रारंभ होगा। इस अभियान में सिर्वी समाज के प्रत्येक परिवार द्वारा -100/ड़ की श्रद्धा निधि समर्पित की जाएगी। यह अभियान दिनांक 23 जनवरी-23 माही बीज के दिन पूर्ण होगा। प्रत्येक ग्राम से एकत्रित यह श्रद्धा निधि राशि दिनांक 28 जनवरी 2023 नर्मदा जयंती के दिन हरिदास समाधि स्थल महेश्वर पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में ट्रस्ट को सौंपी जाएगी। यह सिर्वी समाज एवं आईपन्थ की आस्था का केंद्र है।अभियान में प्रदेश के बीस हजार परिवार श्रद्धा समर्पण करेंगे। इस अवसर पर हरिदास जी के जीवन पर एक पुस्तिका का विमोचन भी होगा। ज्ञातव्य है कि हरिदास जी आईपंथ की दीवान परंपरा के दसवें दीवान (धर्मगुरु)थे। इन्हें सिद्धपुरुष माना जाता है। इनकी समाधि महेश्वर में है जहां उनकी स्मृति में स्वयं लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा एक छतरी का निर्माण कराया गया था। इसी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा श्री हरिदास भक्तिनिवास निर्माण हेतु एक प्रकल्प महेश्वर ट्रस्ट के द्वारा प्रारंभ किया गया है उक्त अभियान को लेकर मनावर तहसील के समस्त सिर्वी बाहुल्य गांव में जाकर समाज बंधुओं से संपर्क किया जा रहा है उक्त जानकारी श्री हरिदास जी स्मारक ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण परिहार, हीरालाल शिवई प्रदेश भवन निर्माण जगदीश लुनेरा , तहसील महासभा अध्यक्ष संदीप सेप्टा ,युवा संगठन तहसील अध्यक्ष हरीश लछेटा कमल बर्फा सिंघाना आदि द्वारा प्रत्येक ग्राम इकाई पहुंचकर अभियान को लेकर समाज बंधु तक पहुंच रहे हैं उक्त जानकारी हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट के सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र लछेटा तहसील मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिंघाना द्वारा जानकारी दी गई।

# कार्य शुरू नहीं हुआ, 45 मजदूरों का चल रहा मस्टर रोल, निकले 5 लाख 54 हजार

## सर्वा पंचायत में मनरेगा व विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार






**मोहन मांझी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। जनपद पंचायत गोहद की सर्वा पंचायत में मनरेगा व विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। जिसमें मनरेगा का लाखों रुपए का गवन करने के उद्देश्य से 45 लोगों के मस्टर रोल में उपस्थित दिखाई जा रही है जिसमें पोर्टल पर देखने पर 5 लाख 54 हजार रुपए की राशि भुगतान होना दिख रही है। जिसके अंतर्गत मनरेगा के पोर्टल पर दर्ज कार्य का नाम मोरी (चक सर्वा) से खेरिया रायजू होते हुए नदी तक फ्लोट कंट्रोल चैनल वर्क, 5 लाख 54 हजार रुपए निकालना दिख रहा है। जिस कार्य का वर्क कोड नंबर 28683, मस्टर नंबर 15509 है। कार्य की लेबर 6 लाख 32 हजार 293 रुपए, 1 लाख 16 हजार रुपए के बिल, 5 लाख 54 हजार रुपए पोर्टल पर निकालना दिख रहे हैं। परंतु वर्तमान में हकीकत कुछ और ही है यहां मौके पर जरा सा कोई भी कार्य नहीं किया गया है ना ही किसी मजदूरों ने मिट्टी का एक डेला तलक उठाया है। यहां आस-पास के लोगों से एवं प्रत्यक्षदर्शियों से पूछा गया तो लोगों का कहना है कि आज तक फ्लोट कंट्रोल चैनल वर्क का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है कागजों में यह भुगतान कैसे हो गया, इसकी जांच होनी चाहिए। ग्राम पंचायत सर्वा के सरपंच मायाराम जाटव से कार्य के संबंध में प्रश्न पूछा गया तो वह कैमरे की नजर से दूर भागते नजर आए। अन्य कार्यों में भी गड़बड़ियां- ग्राम पंचायत सर्वा में खेरिया रायजू प्राइमरी स्कूल की बाउंड्री वाल का कार्य शुरू किया गया है जिसमें 4 फुट गहरे सीमेंट कंक्रीट के पिलर एवं 10 फुट ऊंची बाउंड्री वाल का निर्माण होना था परंतु पिलर की जगह एक फुट नीचे से मिट्टी और पत्थर की कच्ची नींव भरकर कार्य किया जा रहा है सीमेंट और कंक्रीट के पिलर नहीं बनाए गए। दूसरे कार्य में चक सर्वा (रघुनाथ सिंह का पुरा) में हाल ही में जमीन में पानी संरक्षण के लिए सोक्पिट गड्ढे जो 10 फुट गहरे एवं 10M10 लंबाई फुट चौड़ाई के गड्ढों का निर्माण होना था परंतु इन गड्ढों के निर्माण में भी भारी भ्रष्टाचार नजर आ रहा है ग्राम वासियों के अनुसार इनकी गहराई 10 फुट के स्थान पर मात्र 4 से 5 फीट है। जिनमें से कई गड्ढे पुरे नहीं है उन में पानी भरा हुआ है जिनमें गांव के बच्चे कभी भी गिर सकते हैं उनको पाटा नहीं गया है इन गड्ढों का निर्माण भी घटिया किस्म का किया गया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के हितग्राहियों के भुगतान मैं भी गड़बड़ी की गई है जिसमें जानकारी के अनुसार कई लोगों को दो दो बार भुगतान किए गए हैं इनके दो दो भुगतान किऐ गए है। जिनमें लक्ष्मण कुशवाह, चंद्रभान कुशवाह इसके अतिरिक्त अन्य कई लोग हैं।

### इनका कहना है

चक सर्वा एवं रघुनाथ सिंह का पुरा के बीच पुलिया के पास अभी तो कोई कार्य होता नहीं दिख रहा है

**गंभीर सिंह रघुनाथ सिंह पुरा**

गांव में जो सोखता गड्ढा बना है उसकी गहराई मुश्किल से 5 फीट होगी

**नाथू सिंह सिकरवार रघुनाथ सिंह का पुरा**

अभी पत्थर चिपकाने के लिए मिट्टी के साथ नींव भरी है अव सीमेंट कार्य शुरू होगा जिसमें तीन फुट तक भराव किया जाएगा

**कलियान सिंह खेरिया रायजू**

यदि कार्य नहीं सुरू हुआ है तो मैं जांच दल गठित कर इसकी जांच करवाता हूं जांच मैं अनियमितता मिलती है तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

**दिनेश शाक्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद**




# डीजीपी पुरुषोत्तम शर्मा का ब्राह्मण समाज ने किया भव्य स्वागत

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** डीजीपी क्राइम ब्रांच भोपाल से आये पुरुषोत्तम शर्मा का ब्राह्मण समाज ने शॉल, श्री फल, एव पुष्पा मालाओं से किया भव्य स्वागत ब्राह्मण सभा प्रदेश राघवेंद्र शर्मा एवं समाजसेवी राजेंद्र शर्मा जखौदा ने बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा कैलारस राघव मैरिज हाउस में सम्मान समारोह रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डीजीपी क्राइम ब्रांच भोपाल से आये पुरुषोत्तम शर्मा मौजूद रहे वही कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर परशुराम भगवान पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वही ब्राहमण समाज के सम्मान समारोह कार्यक्रम में नव्या शर्मा दुबारा सुंदर सरस्वती वंदना कि प्रस्तुति दी गई वहीं अन्य कलाकारों द्वारा स्वागत गीत भी गाया गया बही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे डीजीपी क्राइम ब्रांच भोपाल के पुरुषोत्तम शर्मा ने संबोधित करते हुए समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए कुछ मूल मंत्र समाज के वरिष्ठ जनों के सामने रखें वही समाज के युवाओं के लिए उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि आप लोग भी मेरी तरह किसी न किसी क्षेत्र में योगदान देकर आप अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करें ओर बुजुर्ग एवं वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन लेते रहें समाज के हित में अच्छे कार्य करें जहां भी समाज के लोगों को मेरी आवश्यकता होगी मैं आपके साथ हूं वहीं उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि आप लोग अपने खानपान शुद्ध रखे बही उन्होंने कार्यक्रम के दौरान नन्ही प्रतिभा नव्या शर्मा को प्रोत्साहन राशि एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और बेटी नव्या शर्मा को उच्च शिखर पर पहुंचने का आशीर्वाद दिया वही कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक युवा समाज के वरिष्ठ जन एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# पुस्तम बघेल बने किसान कांग्रेस के जिला सचिव

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू जी छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड डायरेक्टर विनोद तिवारी जी प्रदेश उपाध्यक्ष फनीश दुबे जी संभाग प्रभारी दुर्गेश वर्मा जी संयुक्त महासचिव जयसन नागेश जी एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बासुदेव बीसी जी की अनुशंसा पर पुस्तम बघेल को जिला सचिव किसान कांग्रेस गरियाबंद के पद पर नियुक्ति किया गया। पुस्तम बघेल ने पद ग्रहण कर कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस पद के लिए मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन करते हुए जिला भर में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संगठित कर एक सूत्र में सरकार की योजनाओं को पूरे जिले भर में जमीनी स्तरीय किसानों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। पूरे भारत देश में हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल किसान पुत्र एवं किसान हितैसी के रूप में आज पहचाने जा रहे हैं आज छत्तीसगढ़ के किसानों के आय में वृद्धि हो रही है किसानो के कर्जा माफी नरवा गरवा घुरवा बाड़ी। 25 सौ रुपएमें धान खरीद कर छत्तीसगढ़ के किसानों को सशक्त बनाने का कार्य भूपेश बघेल की सरकार कर रही है यह साफ होता है कि दर्शाता है कि कांग्रेस की सरकार किसान हितैसी है।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का धरना प्रदर्शन

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय कोआपरेटिव बैंक चौराहे पर 12 बजें से दोपहर 3 बजें तक सांकेतिक धरना दिया। जिसमें अधिवक्ताओं की मुख्य मांग एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन के रूप में जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि आज पूरे देश में अधिवक्ताओं के उपर हमले हो रहे है एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिसके संबंध में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा अनेक ज्ञापन एवं पत्र प्रेषित किये गये एवं जानकारी मांगी गई जिसमें अपर सचिव विधि विभाग द्वारा बार बार एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट प्रक्रियाधीन होने की बात कही जा रही है परन्तु यह प्रक्रिया कब पूरी होगी और कब एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जायेगा इस संबंध में कोई तथ्यात्मक जानकारी नहीं दी जा रही है। इसी तारतम्य में पूरे प्रदेश में जिला तहसील स्तर पर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा अनवरत धरने प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिये जा रहे है इसी क?ी में दमोह जिला अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। जिसमें मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र कुमार बलेजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माधव मालवीय के अलावा प्रदेश कुशवाहा, आलोक श्रीवास्तव, प्रमेश सिरोठिया, राजेन्द्र अहिरवार, रवि लाल, अनुज पाण्डे, सूरज अहिरवार,





महामंत्री तरूण पटैल, प्रदेश सह प्रवक्ता सुधीर पाण्डे, जिला अध्यक्ष रविकांत ठाकुर, जिला प्रभारी एम.वी. चौरसिया, राष्ट्रीय सचिव युवा प्रकोष्ठ मनोज नागदेव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कपिल सिंह हजारी, कमल सिंघई, गजाधर पटेल, आशीष नाक?ा, अतुल देव श्रीवास्तव, के.के. श्रीवास्तव, सीताराम यादव, महिला प्रकोष्ठ दीपा मिश्रा, मंजूषा चौबे, रूकमणी अहिरवार, संध्या खरे, अमित पाण्डे, जहीर कुरैशी, अनिल यूनिस मकरानी, किशोरी लाल ताम्रकार,डिम्पल सेन, कमलेश पटैल, धर्मेन्द्र सींग, मुख्तार जाफरी, रामबाबू मिश्रा, अभिषेक सिंघई, अनरथ सिंह के अलावा सैक?ों की संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# सोशल मीडिया पर हुई जान पहचान फिर प्यार मैं बनाए संबंध और झूठी शादी करके छोड़ा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर जिला मुख्यालय शिवपुरी मै आवेदन देने आई प्रियंका राजपूत पुत्री रमेश राजपूत आयु 24 वर्ष निवासी सिलानगर थाना अमोला तहसील करैरा जिला शिवपुरी की निवासी है और एस.एस.सी. की



तैयारी कर रही है तैयारी के बीच उस की मुलाकात सोशल मीडिया के माध्यम से राकेश लोधी पुत्र दशरथ लोधी निवासी ग्राम गरिठा तहसील पिछोर जिला शिवपुरी का निवासी से हुई जो आई.टी.वी.पी. रेजीमेंट नं. 210, 350, 283 का कान्सटेबल जी.डी. नम्बर 387 यूनिट माहीडांडा, 35 बटालियन, अंडरकमान्डेंट, 35 बटालियन आई.टी.बी.पी. मै पदस्थ हैं वह मुझे अपने साथ प्रेमजाल रचकर और शादी का कहकर संबंध बनाये और जब मैं झांसी एवं शिवपुरी में अध्यनरत थी तब वह बोला मैने तेरी अश्लील वीडियों बना ली है और अब मैं उसे शोसल साइट पर बायरल करूंगा।अगर तू जब मैं जहां बुलाऊं या जो कहूं और करूं तो मना नहीं करोगी और नही मानोगी तो तुम्हारे छोटे भाई को अगवा कर दूंगा और जान से तुझे और तेरे भाई को मार दूंगा। इस धमकी के कारण एवं परिवार के माता पिता की इज्जत पर कोई आंच न आये इसलिये मै शोषित होती रही। प्रियंका ने शिवपुरी निवास के समय थाना फिजीकल में उक्त घटना के बारे में महिला थानेदार को बताया तो उन्होंने एक आवेदन लिया और आरोपी को वहा बुलाकर उसे समझाइश दी कि तेरी नौकरी चली जायेगी तू किसी भी बहाने से डरा धमका कर इस लड़की को ले जा और कहीं भी शादी कर ले तो वीडियों एवं भाई को मारने की धमकी देकर पहले तो मेरे साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देता रहा है, जिसमें अप्राकृतिक मैथुन जैसे कृत्य करता रहा और ग्वालियर ले गया बिना किसी रीतिरीवाज के झूठी आर्य समाज में शादी बनायी और मेरे माता पिता को धमकी देकर बुलवाया और ग्वालियर नगर निगम में शादी का रजिस्ट्रेशन कराया और मेरे माता पिता और मुझे ग्वालियर में ही छोडकर मेरा आधार कार्ड और मोबाइल लेकर जिसमें मेरी सिम और कुछ फोटो थे उसे लेकर भाग गया जिसकी सूचना मैंने पुलिस अधीक्षक को दी जिन्होंने मुझे महिला थाना भेजा जहां पर महिला थाना में राकेश लोधी पर मैंने कार्यवाही करने के लिए कहा लेकिन महिला थाना प्रभारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और मुझे वहां से भगा दिया गया।



# मां पंचमुखी काली क्रिकेट क्लब गंगराजपूर लिमपारा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ आयोजित मुख्य अतिथि रहे विजय कश्यप

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवोभोग- देवभोग क्षेत्र के लिमपारा गंगराजपुर में जय मां पंचमुखी काली क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट के फाइनल मैच का आयोजन हुआ जिसमें फाइनल मैच का मुकाबला जे जे सी सी घोघर क्रिकेट क्लब और बी सी सी क्लब के बीच खेला गया। इसमें मुख्यतिथ के रूप में विजय कश्यप मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विजय कश्यप ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की और खिलाड़ियों को अच्छा खेल दिखाने के लिए प्रेरित किया।इस 10ओवर के खेल मुकाबले में बी सी सी क्रिकेट क्लब ने जे जे सी सी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं विजेता टीम को विजय कश्यप ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय कश्यप कहा कि ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों की प्रतिभा बाहर आती है और वर्तमान सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है जिसका असर दिख रहा है।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के विरुद्ध भाजपा ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद । प्रदेश के अनुसुचित क्षेत्रों में लगातार जारी अवैध धर्मांतरण व अवैध चर्च निर्माण पर रोक लगाने, धर्मांतरण के व्यवसाय में लगे मिशनरियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने, नारायणपुर की घटना में बंद किये गये आदिवासियों की रिहाई तथा आदिवासी समाज के लोगों पर झूठे केस बनाकर जेल भेजने पर रोक लगाने व कांग्रेस सरकार द्वारा निर्दोष लोगों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कारवाई बंद करने की मांग को लेकर सोमवार को भाजपा ने कांग्रेस सरकार के विरूद्ध राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन में भाजपा ने आरोप लगाया कि छतीसगढ़ राज्य सरकार अवैध के धर्मान्तरण के विरूद्ध कार्यवाही करने के बजाय राज्य सरकार वर्ग-भेद व वर्ग संघर्ष करने की रणनीति अपनाने, मिशनरियों का हौसला ब?ाने तथा भयग्रस्त, आक्रांत, भोले-भाले आदिवासी समाज का मुंह बंद करने की मंशा से काम कर रही है। आज बस्तर संभाग सहित पूरे छत्तीसग? में राज्य सरकार की शह पर ब?ते अवैध धर्मांतरण और आदिवासी समाज पर पुलिस की एकतरफा बर्बरतापूर्वक कार्यवाही से प्रदेशभर में आदिवासी समाज आहत है। एक जनवरी को जिस प्रकार से नारायणपुर में पास्टर, पादरी एवं अवैध धर्मांतरित लोगों ने 1000-1500 की संख्या में एकत्रित होकर न केवल आदिवासी समाज के लोगों पर धारदार हथियार, लाठी-डण्डा से वार किया गया अपितु मौके पर पहुंची पुलिस पर भी घातक रूप से हमला किया गया। इस घटना में मिशनरियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय राज्य सरकार ने इसके उलट आदिवासी समाज के ही मुखिया, सीधे-सीधे आदिवासी भाईयों, सनातन धर्म को मानने वाले लोगों को झूठे व गंभीर धाराओं के तहत गिफ्तार कर जेल भेजवा दिया। इससे पूरे प्रदेश में आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। भाजपा ने राज्यपाल से इस पर उचित कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण की आग तेजी से बढ़ रही है, राज्य सरकार के संरक्षण में भोले भले आदिवासियों को बहला फुसला कर लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने



आरोप लगाया की धर्मांतरण को बढ़ावा देकर ये सरकार आदिवासी संस्कृति को नष्ट करने का काम कर रही है। नारायणपुर में जिस तरह की घटना सामने आई उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश में मिशनरियों के हौसले कितने बुलंद हो गए। वही सरकार खामोशी को चादर ओढ़ के सोई है। इस अवसर पर विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की पूर्व में सुकमा पुलिस अधिक्षक ने भी अवैध धर्मांतरण को लेकर अपने मातहतों को पत्र लिखकर मिशनरियों की अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी दी थी। बस्तर कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर इसे बेहद संवेदनशील मुद्दा बताते हुए अवैध धर्मांतरण के रोकथाम हेतु गाईड लाईन जारी की थी, परन्तु राज्य सरकार की वोट बैंक की राजनीति के चलते अवांछित रूप से अवैध धर्मांतरण होने दिया, बल्कि इसे पाल-पोस कर आगे बढ़ाने का काम किया। जिसके चलते मिशनरियों ने पूरे प्रदेश में हजारों की संख्या में अवैध रूप से चर्चो का निर्माण करा दिया। इस अवैध ढंग संचालित चर्चो के उद्घाटन में राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक एवं नेता बतौर मुख्य अतिथि शामिल होते रहे। इस अवसर पर प्रमुख से रुप से वरिष्ठ नेता भागीरथी मांझी, बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, पारस ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, महामंत्री धनंजय नेताम, छुरा नपा अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, लालिमा ठाकुर, जप उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, पार्षद विष्णु मरकाम, नेहरू साहू, भीम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्रभास के हाथ लगा जैकपॉट, पठान डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म में आएंगे नजर

शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म पठान के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। जहां उनकी मच-अवेटेड फिल्म पठान थियेटर में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं ग्रीक गॉड कहे जाने वाले ऋतिक रोशन के साथ सिद्धार्थ की एक्शन थ्रिलर फिल्म फाइटर की शूटिंग भी शुरू हो गई हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि सिद्धार्थ ने पठान और फाइटर के बाद अपनी अगली एक्शन फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। पठान और फाइटर के बाद इंडस्ट्री के फेमस डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अब अपनी अगली एक्शन फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार्स के साथ काम करने के बाद अब सिद्धार्थ ने अपनी अगली फिल्म के लिए साउथ सुपरस्टार से हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ आनंद अपनी अगली एक्शन फिल्म के लिए बाहुबली एक्टर प्रभास को अप्रोच किया है। इसी बीच हाल ही में प्रभास और सिद्धार्थ आनंद की मीटिंग की खबरें भी सामने आई थीं। कहा जा रहा है कि साहो एक्टर ने सिद्धार्थ आनंद की फिल्म के लिए हामी भर दी है और ये उनके फिल्मी करियर की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होने वाली है। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म में प्रभास का जबरदस्त एक्शन अवतार दिखने को मिलने वाला है। हालांकि अभी तक इस फिल्म को लेकर और प्रभास के फिल्म को साइन करने को लेकर किसी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मगर वॉर जैसी शानदार एक्शन फिल्म का निर्देशन करने वाले सिद्धार्थ आनंद की फिल्म में प्रभास की एंट्री की खबर ने ही फैंस को काफी खुश कर दिया है और अब बस फैंस इस खबर पर मेकर्स और एक्टर दोनों की तरफ से मुहर लगने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ और प्रभास की इस फिल्म को मैत्री मूवी मेकर्स नाम की वहीं कंपनी बना रही है जिसने साउथ स्टार्स अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पा द राइज जैसी सुपरहिट फिल्म बनाई थीं। इस फिल्म की शूटिंग सिद्धार्थ आनंद अपनी फिल्म फाइटर की शूटिंग खत्म होने के बाद शुरू करेंगे।

# न्यू ईयर के बाद फिर साथ दिखे लव बर्ड्स तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा

इन दिनों बॉलीवुड के 2 बड़े एक्टर्स को लेकर खबरों का बाजार गर्म है। अचानक ऐसी खबरें सामने आने लगी कि मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और एक्टर विजय वर्मा के बीच कुछ चल रहा है। लेकिन किसी को भी इस खबर पर विश्वास नहीं हो पा रहा था कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक-दूसरे का डेट कर रहे हैं। बार-बार सामने आती इन रिपोर्ट्स के बीच कई बार इन दोनों को साथ में स्पॉट किया गया। वहीं, जब न्यू ईयर के दौरान दोनों का किसिंग वीडियो वायरल हुआ तो फैंस शॉक्ड रह गए। हर किसी का शक यकीन में बदल गया। मगर इस रूमर्ड कपल ने अभी तक कोई सफाई या अपने रिलेशनशिप पर कोई बयान नहीं दिया है।





लेकिन अब इनके प्यार का उठता धुआँ हर तरफ फैलता दिखाई दे रहा है। डेटिंग की उड़ती अफवाहों के बीच अब एक बार फिर ये रूमर्ड कपल साथ दिखाई दिया। विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया का अब एक और लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। दरअसल, अब तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ऐले अवॉर्ड्स सेरेमनी के दौरान फिर एक साथ दिखें। जहां स्टाइलिश ब्लू कलर की थाई-हाई स्लिट में तमन्ना भाटिया बला की खूबसूरत दिखाई दे रही हैं, वहीं विजय वर्मा फंकी लुक में नजर आए। इवेंट के दौरान तमन्ना भाटिया अपना फोटोशूट करा रही थी, तभी पीछे से विजय वर्मा गुजरे और फिर दोनों ने साथ में पोज दिए। सबसे खास बात ये थी कि दोनों एक-साथ बेहद कम्फर्टेबल दिखाई दिए। पहले तमन्ना और विजय ने हाथ मिलाया और फिर दोनों गले मिलते हुए देखे गए। इतना ही नहीं, बाद में ये रूमर्ड लव बर्ड्स एक जगह बैठकर भी फोटोशूट कराते हुए नजर आए। ऐसे में तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के रिलेशनशिप में होने की खबर को और हवा मिल गई है। अब देखना होगा कि ये दोनों कब अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ते हैं।

# आदिल ने पोस्ट शेयर कर खोला अपनी शादी का राज, राखी सावंत भी देखकर रह गई हैरान



ड्रामा क्वीन राखी सावंत इन दिनों अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। कभी अचानक से अपनी दूसरी शादी की अनाउंसमेंट करना तो कभी मीडिया के सामने फुट-फुटकर रोना कि आदिल इस शादी से इंकार कर रहे हैं। किसी भी तरह से राखी सावंत मीडिया की अटेंशन पा ही लेती हैं। वहीं, फैंस को भी ये देखने में काफी दिलचस्पी रहती है कि आखिर राखी की जिन्दगी में कौन-सा तमाशा चल रहा है। आपको बता दें, ये पहली बार नहीं है जब राखी सावंत किसी रिलेशनशिप के चलते सुर्खियों में हो, वो हमेशा ही अपने रिश्तों को लेकर मीडिया की अटेंशन पाने में कामयाब रही हैं। ऐसे में इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अब ऑडियंस ये जानने के लिए बेताब है कि आखिर ये पूरा माजरा क्या है? क्या राखी और आदिल ने सच में शादी कर ली है? या ये सिर्फ पब्लिसिटी ड्रामा चल रहा है? और अगर राखी सावंत सच बोल रही हैं और उनकी आदिल खान संग शादी हुई हैं, तो आदिल इस शादी से इंकार क्यों कर रहे हैं? फैंस के मन में उठते इन सभी सवालो के जवाब अब खुद आदिल ने दे दिए हैं। निकाह से इंकार करने वाले आदिल ने अब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और अब सारा सच बाहर आ गया। आपको बता दें, आदिल ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और सरेआम राखी संग शादी का एलान कर दिया है। अब आदिल ने राखी को धोखा देने वाली तमाम अफवाहों को खारिज करते हुए अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी और राखी की शादी की फोटो शेयर की। साथ ही इस फोटो के कैप्शन में आदिल ने लिखा है, तो फाइनली एक अनाउंसमेंट है।

# सोनम कपूर ने चप्पल पहनाने तक के लिए रखे नौकर, यूजर्स बोले-शर्म आनी चाहिए...



बॉलीवुड की बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस कही जाने वाली सोनम कपूर हाल ही में मां बनी हैं। ऐसे में मां बनने के बाद एक्ट्रेस अब वापस से काम पर लौट गयी है। वही सोनम को कई बार एयरपोर्ट पर भी स्पॉट किया गया हैं। जहां सोनम अपने ग्लैमरस लुक्स से अपने फैंस का दिल जित लेती है। इसी के साथ एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब सोनम कपूर की एक पिक्चर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जिसे देख अब उन्हें जमकर ट्रोल भी किया जा रहा हैं। हाल ही में सोनम कपूर को उनकी योगा क्लास के बाहर स्पॉट किया गया। इसी दौरान उनकी एक फोटो ने इस वक्त सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है। दरअसल, वायरल फोटो में एक शख्स एक्ट्रेस को अपने हाथों से चप्पल पहनाते नजर आ रहा है। फिर क्या था, जैसे ही नेटिजन्स की नजर इस तस्वीर पर पड़ी, उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। फोटो देखने के बाद लोगों ने सोनम कपूर पर सवाल उठाए हैं कि उन्होंने खुद को चप्पल पहनाने के लिए भी एक शख्स रखा हुआ है, इसे अमीरों के शौक कहकर अब लोग एक्ट्रेस को जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं।

वही अब एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर यूजर्स जमकर कमेंट कर सोनम को लगातर ट्रोल कर रहे हैं। जहां कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा है की- इतना अमीर होना भी ठीक नहीं है कि अपने जूते-चप्पल भी खुद न पहने जा सकें! तो वही एक यूजर ने लिखा है की - ठाट हैं भाई...चप्पल पहनने के लिए भी कोई रखा है. एक और यूजर ने लिखा खुद चप्पल नहीं पहन सकती तो क्या फायदा योगा करने का..? इसी के साथ तीसरे ने लिखा, इन्हें शर्म आनी चाहिए, किसी दूसरे आदमी को चप्पल पहनाने के लिए रखा हुआ है....इतना रोब दिखाना भी ठीक नहीं है. इसके अलावा कई यूजर्स एक्ट्रेस के बेटे वायु को लेकर भी तंज कसते नजर आए। फोटो पर कमेंट करते हुए कई यूजर ने लिखा, आगे चलकर ये अपने बेटे वायु को क्या सिखाएंगी? बता दे की मां बनने के बाद एक्ट्रेस ने फिलहाल फिल्मों से दुरी बना ली हैं। जहां सोनम को आखिरी बार 2019 में आई फिल्म द जोया फैक्टर में देखा गया था।हालाँकि अब सोनम जल्द ही परदे पर दिखाई देने वाली हैं। एक्ट्रेस जल्द ही उनकी अपकमिंग फिल्म ब्लाइंड के साथ परदे पर जबरदस्त वापसी करने वाली हैं।

# जान-माल की रक्षा करने में भूपेश सरकार फेल: केदार गुप्ता

## हत्या और चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं से जनता भयभीत है: भाजपा

## प्रदेश में पुलिस प्रशासन फेल, अपराधियों के हौसले बुलंद : केदार गुप्ता

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा है कि राजधानी में सरेआम गोली चल रही है। चाकूबाजों ने दो युवकों को मौत के घाट उतार दिया। सड़कें खून से रंग रही हैं। दोहरी हत्या की ताजा वारदात ने साबित कर दिया है कि कानून व्यवस्था पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। जनता अपराध और अपराधियों से त्रस्त है और भूपेश बघेल सरकार ट्रांसफर की दुकान चलाने में मस्त है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि राजधानी से लेकर बस्तर तक और न्यायधानी से लेकर जशपुर तक पूरे प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। बस्तर में हाल ही एक बच्ची से गैंगरेप हो गया। वहीं भाजपा के जिला मंत्री बुधराम करटाम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। इधर राजधानी में हर रोज हो रही चाकूबाजी के बीच पंडरी इलाके में दोहरा हत्याकांड हो गया। अब स्थिति यह है कि वर्ष 2021 और 22 के मुकाबले 20 प्रतिशत अपराध बढ़ गए हैं। मुख्यमंत्री लंबे समय से सिर्फ तबादला उद्योग में व्यस्त हैं। अगर उन्होंने इस दौरान समय निकालकर कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए प्रशासन को सख्त हिदायत दी होती तो अपराध में कमी आ जाना चाहिए थी लेकिन अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। सरकार से राजधानी तक नहीं सम्हल रही है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से अपना खुद का जिला और यहां तक कि अपना विधानसभा क्षेत्र तक नहीं सम्हल रहा है। मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था की नाजुक हालत को दरकिनार कर यहां वहां की बातें कर रहे हैं। कानून व्यवस्था का कोई धनी धोरी नहीं है। जनता दहशत के साये में जी रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि राज्य में पौने दो साल में करीब 17 सौ लोगों की हत्या हुई है। कई जिलों में औसतन हर दिन हत्या की वारदातें हुई हैं। राजधानी रायपुर में सर्वाधिक 119 हत्या की वारदात हुई। रायगढ़ में 110, जशपुर में 102 बिलासपुर में 101 और सरगुजा में भी 101 लोगों की हत्या हुई है। राजधानी में आलम यह है कि लापता होने के बाद लोगों की लाश लगातार मिल रही है। पुलिस चाकूबाजी की घटनाओं पर परदा डाल रही है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि अपराधों के बढ़ते ग्राफ को नीचे लाने की बजाय पुलिस अपराध को छुपाने का काम करके कुछ भी हासिल नहीं कर सकती।

# उद्यानिकी व प्रसंस्करण अपनाकर किसान आसानी से आमदनी बड़ा सकते हैं : मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर ।** खेती की आमदनी को दोगुना करने के लिये किसान भाई रबी-खरीफ में उद्यानिकी फसलों की खेती भी करें। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण भी अपनाएँ। सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिये 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत मंगलवार से यहाँ मेला रोड़ स्थित उद्यानिकी विभाग की शासकीय पौधशाला परिसर में शुरू हुए किसानों के चार दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन के उदघाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जैविक व प्राकृतिक खेती को बड़ावा देने और सब्जी व मसाला क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से उद्देश्य से आयोजित हो रहे सम्मेलन के पहले दिन भितरवार जनपद पंचायत के 427 किसानों को लाभान्वित कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत व जनपद पंचायतों के पदाधिकारी, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी एवं सहायक संचालक उद्यानिकी एमपीएस बुंदेला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उद्यानिकी फसलों को अपनाने पर जोर देते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि किसान भाई खरीफ व रबी फसलों के साथ आसानी से सालभर में उद्यानिकी की चार फसलें ले सकते हैं। उद्यानिकी फसलें कम लागत में अधिक आमदनी देने वाली होती हैं। उन्होंने कहा



आगे आने वाला समय खाद्य प्रसंस्करण का है। इसलिए किसान भाई खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजना का लाभ उठाकर अपनी उपज का प्रसंस्करण जरूर करें। इससे निश्चित रूप से आमदनी बड़ेगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिये वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) व स्प्रिंकलर सहित अन्य सामग्री के किट नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटास बनाने वाले जीवाणुओं की किट सौंपी। साथ ही सौंपी। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा जैविक खाद और घर पर ही जैविक कीटनाशक दवाएँ तैयार करने की तकनीक सिखाई। किसानों को इसके अलावा टमाटर, भिंडी, मिर्च, लॉकी व गिलकी के बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में लगाए गए उद्यानिकी व जैविक खेती के स्टॉल का भी जायजा लिया। साथ ही किसानों से रूबरू होकर उन्हें जैविक खेती के फायदे बताए। एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग की शासकीय पौधशाला में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में 18 जनवरी को घाटीगाँव जनपद पंचायत क्षेत्र के किसान शामिल होंगे। इसी तरह 19 जनवरी को डबरा व 20 जनवरी को मुरार क्षेत्र के किसान जैविक खेती की बारीकियाँ सीखेंगे।



# मंत्री भारत सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर में रखी 54.57 लाख लागत के विकास कार्यों की आधारशिला

**ग्वालियर ।** ग्वालियर व्यापार के क्षेत्र में नए आयाम गड़े, इसके लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। सरकार व्यवसायिक गतिविधियों को बड़ावा देने में हर संभव सहयोग देगी। साथ ही ट्रांसपोर्टनगर सहित ग्वालियर शहर के नए वार्डों (61 से 66) की सभी बस्तियों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने शहर के वार्ड ङ्क 64 के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। राज्य मंत्री सवतंत्र प्रभार कुशवाह ने मंगलवार को ट्रांसपोर्टनगर में 54 लाख 57 हजार रूपए लागत के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इन कार्यों में लगभग 40 लाख रूपए की लागत से ट्रांसपोर्टनगर में विशाल मेगा मार्ट के सामने पार्क निर्माण, स्क्रेप्ट मार्केट ट्रांसपोर्टनगर में 10 लाख 32 हजार रूपए लागत की सड़क व नाली निर्माण तथा 4 लाख 31 हजार रूपए की लागत से मंजूर हुई बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण शामिल है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण व समीपवर्ती बस्तियों के नागरिक मौजूद रहे।

# खुशियों की दासतां: नन्हे-मुन्ने आरव जब पहली बार बोले तो खुशी से झूम उठी मोहिनी

ग्वालियर। नन्हे-मुन्हे आरव ने जब पहली बार हाथों के इशारे के बजाय कुछ अस्पष्ट शब्द बोलकर यह एहसास कराया कि अब हमें सुनाई



देने लगा है, तो मोहिनी ङ्क रामनरेश शर्मा दम्पत्ति खुशी से झूम उठे। जन्म से ही बोलने व सुनने में असमर्थ अपने बेटे के इलाज के लिए इस दम्पत्ति ने न जाने कितने अस्पतालों के चक्कर लगाए, पर निराशा ही हाथ लगी। आरव के कान के ऑपरेशन के लिये भारी-भरकम रकम का इंतजाम वे चाहकर भी नहीं कर पा रहे थे। प्रदेश सरकार ने साड़े 6 लाख रूपए खर्च कर आरव की कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी कराई है। ग्वालियर शहर के शर्मा फार्म हाउस क्षेत्र की निवासी श्रीमती मोहिनी शर्मा बताती हैं कि आरव थोड़ा बड़ा हुआ तब पता चला कि वह बोलने व सुनने में असमर्थ है। आरव को कई अस्पतालों में दिखाया सभी का एक ही जवाब था कि इसका इलाज कोक्लियर इम्पलांट सर्जरी है, जिस पर लगभग साड़े 6 लाख का खर्चा आयेगा। इतनी बड़ी भारी रकम सुनकर मेरे तो पैरों तले की जमीन खिसक गई और लगा कि शायद मेरा बेटा जीवन भर श्रवण बाधित बना रहेगा। मोहिनी बताती हैं कि एक दिन मुझे अपनी बस्ती के आंगनबाड़ी के जरिए सूचना मिली कि आपके बेटे का इलाज सरकार करायेगी। जल्द ही जिला चिकित्सालय मुरार में आरव की निःशुल्क जाँचें की गईं। इसके बाद राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल (अग्रवाल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर) में मेरे बेटे के कान की कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हो गई। मोहिनी भावुक होकर कहती हैं कि आरव की स्पीच थैरेपी का खर्चा भी सरकार वहन कर रही है। उनका कहना है कि सच में देश व प्रदेश में गरीबों की हितैषी सरकारें काबिज हैं।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स: वॉकोथोन के जरिए शहरवासियों को दिया संदेश हिन्दुस्तान का दिल धड़का दो

**ग्वालियर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति शहर में सकारात्मक



माहौल बनाने एवं ग्वालियर शहर को खेलमय करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं। साथ ही शहरवासियों से राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान भी किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को प्रातःकाल ÷वॉकोथोन का आयोजन हुआ। कम्पू खेल परिसर से शुरू हुई इस वॉकोथोन में मंगलवार की भोर में कपकपाती ठण्ड के बाबजूद बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर शहरवासियों को संदेश दिया कि खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने आ रहे खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत कर हिन्दुस्तान का दिल धड़का दो। यह वॉकोथोन कम्पू खेल परिसर से आगे बड़ती हुई थीम रोड़ पर कटोराताल के समीप स्थित फ्लैग प्वॉइंट तक पहुँची। वॉकोथोन में नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जोसेफ वक्सला और जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, विभिन्न खेलों के कोच व खिलाड़ी और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# नाती हुये सक्रिय, चुनाव भी लड़ सकते हैं कांग्रेस से

**ग्वालियर।** विधानसभा के चुनावी वर्ष में अब टिकट के दावेदार नेता सक्रिय हो गये हैं। इस बार उपनगर



ग्वालियर में कांग्रेस से एक ऐसा दमदार नाम भी सामने आ रहा है, जो वर्षों से श्रमिक आधारित राजनीति कर रहा है। यह नाम हैं राजेन्द्र नाती का, जो अब कांग्रेस से विधानसभा के लिये सबसे सशक्त नाम के रूप में सामने आ सकता हैं। हालांकि यहां पूर्व से कांग्रेस के अनेक नेता सक्रिय हैं, लेकिन बीते दिवस श्रम शिविर इंटक कार्यालय परिसर में एक भोज करके राजेन्द्र नाती ने यह संदेश दे दिया है कि अब वह भी कांग्रेस से आ सकते हैं। वैसे राजेन्द्र नाती भी ग्वालियर में एक जाना पहचाना नाम है और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण उनका प्रत्येक परिवार से सीधा संपर्क भी है। नाती यदि यहां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सामने आयेंगे, तो वह भी एक सशक्त उम्मीदवार साबित होंगे। अंदर की खबर यह है कि नाती ने अपने जिम्मेदार लोगों की टीम भी गठित कर ली हैं और वह घर-घर भी संपर्क में जुट गये हैं।

## सदर बाजार मुरार से अतिक्रमण हटाया



**ग्वालियर।** यातायात पुलिस द्वारा मुरार क्षेत्र में सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के विरूद्ध नगर निगम के मदाखलत अधिकारियों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। सड़कों पर खडे हाथ ठेलों व स्थानीय दुकानदारों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात विक्रम सिंह कनपुरिया के साथ थाना प्रभारी मुरार निरी. विनायक शुक्ला, प्रभारी यातायात पूर्व क्षेत्र हिमांशु तिवारी, मदाखलत प्रभारी शैलेन्द्र सिंह शामिल थे। पुलिस एवं मदाखलत विभाग की टीमों द्वारा बारादरी चौराहे से अग्रसेन चौराहे तक लगने वाले हाथ ठेले व स्थानीय दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर रखे सामान को हटवा कर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इसके साथ ही दुकानदारो को पुनः सामान सड़क पर न रखने और हाथ ठेला वालों को भविष्य में अपने ठेले हॉकर्स जोन में लगाने की भी समझाइश दी गई।

# संतों के दर्शन सौभाग्य से मिलते हैं: गोविंद भैया

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले के महामंत्री एव मध्य प्रदेश के युवा संगठन के सस्थाप्क गोविंद भैया परिहार ने भांडेर के ग्राम प्यौल, मुरिया, कुलरिया, पिपुरुआ आदि ग्रामों में जनसंपर्क करीब आधा दर्जन ग्रामों में मंदिरों पर निवासरत साधु संतों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया। पयुल में श्रीमद्भागवत गीता का रसपान किया और मुर्यिया में श्रीरामचरितमानस का भी



रसपान किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अतर सिंह पटेल, मुकेश भार्गव, अखिलेश विश्वर्या, मंडल के महामंत्री मनोज परिहार, भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रवि नामदेव आदि थे। बता दे युवा संवाद कार्यक्रम थयत ग्रामीण क्षेत्रों में सैनिकों के सम्मान का कार्यक्रम विगत 5 वर्षों से चलाया जा रहा है जिसमें पूरे महीने भांडेर विधानसभा में निवासरत सैनिकों के परिजनों का सम्मान किया जाता है ।



## 12 वीं अभा सिंधिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 18 से

ग्वालियर। 12 वीं अखिल भारतीय राजमाता विजया राजे सिंधिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 18 जनवरी से 25 जनवरी तक जीवाजी विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम को तीन लाख और उप विजेता टीम को दो लाख रूपये बतौर पुरस्कार दिए जायेंगे। इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी इसमें से दो स्थानीय टीमें भी हैं। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ जीवाजी विवि के खेल मैदान पर बुधवार को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमें ग्वालियर पहुंचने लगी हैं जिन्हें एलएनआईपीई सहित गालव रेस्ट हाउस और विभिन्न होटलों में ठहराया जायेगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए फुटबॉल संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर के एम्पायर नियुक्त किये हैं। वहीं फुटबॉल संघ के पदाधिकारी भी ग्वालियर में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस स्पर्धा में जेएमएफसी फुटबॉल क्लब झारखंड, सारा फुटबॉल क्लब मुंबई, यंग बॉयज फुटबॉल क्लब अकोला महाराष्ट्र, डायमंड फुटबॉल क्लब बालाघाट, अल्फा फुटबॉल एकेडमी मुबंई, नावल्टी फुटबाल क्लब जम्मू एंड काश्मीर, रब्बानी फुटबॉल क्लब कामटी, एनई रेलवे हाजीपुर बिहार, मां कामाख्या क्लब बिहार, गढवाल एकेडमी दिल्ली, डीएफए इंदौर , सीआरपीएफ दिल्ली, आर्मी हैदराबाद, यूनाईटेड फुटबॉल क्लब फरीदाबाद हरियाणा के अलावा दो स्थानीय टीमें भी शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में पार्षद कृष्णकांत दीक्षित कल्लू , शिववीर सिंह भदौरिया, खेल अधिकारी सतपाल सिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी विजेता सिंह चौहान, सहायक खेल अधिकारी देवेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# चेंबर के विभिन्न पदों के लिए मतदान 18 को, रहेगी कड़ी सुरक्षा

ग्वालियर। मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ग्वालियर के पदाधिकारी एवं समूहों के लिए मतदान 18 जनवरी को चेंबर भवन में होगा। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक चलेगा। मतदान के बाद ही मतगणना प्रारंभ हो जायेगी। देर रात्रि तक परिणाम आने की संभावना है। मतगणना पूरी रात्रि भी चल सकती है। इस बार का चुनाव काफी रस्साकशी वाला है। व्हाइट और क्रियेटिव हाउस में कांटे की टक्कर है। मतदान के दौरान पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहेगी। कोई भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस प्रशासन की टीम तैयार रहेगी।

यहां बता दें कि चेंबर भवन में छह पदाधिकारियों सहित 21 समूहों के 67 प्रतिनिधि के लिए निर्वाचन 18 जनवरी बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समूहों के 67 प्रतिनिधि के लिए 104 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं छह पदाधिकारियों के लिये दो हाउसों के 12 प्रत्याशी भाग्य आजाम रहे हैं। मतदाताओं को मतदान के लिये चार पहचान पत्र आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस एवं पेनकार्ड की मूल प्रति लाना होगी। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गये है।



पदाधिकारियों के साथ ही समूहों के लिए बीस बूथ बनाए गए हैं। मतदान केन्द्र पर मोबाइल लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बताया गया है कि सदस्यता सूची में सदस्य का नाम एक से अधिक फर्म में होने की स्थिति में सदस्य केवल एक फर्म में ही वोटिंग कर सकेगा। मत देने के लिए सदस्य गेट क्रमांक एक से प्रवेश करेगा और गेट क्रमांक छह से बाहर निकलेगा। गेट छह से कोई भी अंदर प्रवेश नहीं पा सकेगा। निर्वाचन की एक एसडीएम, दो तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि व्यवस्था संम्हालेंगे। इस बार के चेम्बर चुनाव में दोनों हाउस क्रियेटिव और व्हाइट में मुख्य और कांटे का मुकाबला है। वहीं रिश्तेदार भी आमने सामने की लड़ाई में है। व्हाइट हाउस से अध्यक्ष पद प्रत्याशी डा. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी डा. प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रत्याशी संजय कुमार अग्रवाल, मानसेवी सचिव प्रत्याशी दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव प्रत्याशी पवन कुमार अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी मनोज अग्रवाल हैं। जबकि क्रियेटिव हाउस से अध्यक्ष पद प्रत्याशी विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव प्रत्याशी जगदीश मित्तल, संयुक्त सचिव पद प्रत्याशी सुनील गर्ग व कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी संदीप नारायण अग्रवाल मैदान में हैं। दोनों ही हाउसों ने मतदान से दो रोज पहले ही अपना व्यापारी हित में लोकलुभावन संकल्प पत्र भी जारी किया है। जिसमें कई वायदे किये गये हैं। प्रत्याशी अपना प्रचार कर चुके है। लग्जरी पार्टियां भी दोनों हाउसों की मतदाताओं को रिझाने के लिये हुई हैं। अब बारी मतदाताओं की है वह किस पर भरोसा जताते हैं। अंतिम क्षणों तक प्रत्याशियों ने समाज और रिश्तों तक की दुहाई दी है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478